राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 'द इंडिया स्टोरी रिलीज से पहले फूड...



नीट परीक्षा: शिक्षा मंत्री प्रधान ... 12

गाजियाबाद, सोमवार 22 जून 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 105, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### मानसून की धमाकेदार एंट्रीः दिल्ली-यूपी समेत 23 राज्यों में झमाझम बारिश का अलर्ट, पहाड़ों पर भूस्खलन की चेतावनी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मौसम विभाग ने एक बार फिर देश के बड़े हिस्से में भारी बारिश, आंधी और तूफान का अलर्ट जारी किया है। आज दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार सहित 23 राज्यों में तेज बारिश और 80-90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। मौसम



विभाग के अनुसार, कई राज्यों में बिजली गिरने, तेज आंधी और कुछ स्थानों पर ओले गिरने की भी आशंका है। पूर्वोत्तर राज्यों में जोरदार आंधी के चलते पेड़ उखड़ने और संपत्ति को नुकसान पहुंचने का खतरा है। पहाड़ी राज्यों में यात्रा करने वालों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, देश के 23 राज्यों, जिनमें उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, बंगास, ओडिशा, सिक्किम, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम, त्रिपुरा, मेघायल, केरल, तमिलनाडु, अंडमान निकोबार, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगामा में भारी बारिश के अलर्ट जारी किया गया है।

### पाकिस्तानी राष्ट्रपति के बयान पर भारत का पलटवार, कहा पहले अपने गिरेबान में झांके

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विदेश मंत्रालय ने भारत में मुस्लिम धार्मिक स्थलों को कथित खतरों के बारे में पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की टिप्पणियों को पूरी तरह से खारिज कर दिया. उन्होंने इस टिप्पणी को बेतुका बताया और कहा कि जरदारी को भारत के अंदरूनी मामलों पर टिप्पणी करने का कोई हक नहीं है.

पाकिस्तानी राष्ट्रपति की बातों पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय के आधिकारि प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत इन बातों को पूरी तरह से खारिज करता है और इन्हें देश के अंदरूनी मामलों में बेवजह दखलंदाजी बताया। जायसवाल ने एक ऑफिशियल बयान में कहा, भारत पाकिस्तान के प्रेसिडेंट की बेवजह की बातों को पूरी तरह से




खारिज करता है. किसी भी हाल में उन्हें भारत के अंदरूनी मामलों पर कमेंट करने का कोई हक नहीं है. विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि पाकिस्तान के अपने ह्यूमन राइट्स रिकॉर्ड और माइनॉरिटीज के साथ बर्ताव को देखते हुए ये कमेंट्स खास तौर पर अजीब थे. प्रवक्ता ने कहा, ये कमेंट्स खास तौर पर बेतुके हैं, क्योंकि मानव अधिकार पर पाकिस्तान का अपना रिकॉर्ड बहुत खराब है, जो वैश्विक टिप्पणी का विषय है. अलग-अलग धर्मों के माइनॉरिटीज को सिस्टमैटिक तरीके से टारगेट करने और उन्हें परेशान करने का पाकिस्तान का लंबा इतिहास बदनाम है. मंत्रालय ने यह भी आरोप लगाया कि ये कमेंट्स भारत के प्रति पाकिस्तान के बड़े पॉलिटिकल नजरिए को दिखाते हैं।

बयान में आगे कहा गया, इस सच्चाई को देखते हुए पाकिस्तानी राष्ट्रपति की बातों को सिर्फ एक जानबूझकर किया गया पॉलिटिकल हमला माना जा सकता है, जो पाकिस्तान की कट्टरता और नफरत की नेशनल पॉलिसी से प्रेरित है. विदेश मंत्रालय का यह जवाब पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के भारत में ऐतिहासिक मुस्लिम धार्मिक जगहों को गिराने और धमकियों के बारे में बयान जारी करने के बाद आया है। एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में जरदारी ने वाराणसी में ऐतिहासिक मस्जिद गंज शहीदा को गिराने की कथित धमकियों का जिक्र किया और भारतीय अधिकारियों से ऐसी कार्रवाइयों को रोकने की अपील की।

बयान में कहा गया, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भारत में ऐतिहासिक मुस्लिम धार्मिक स्थलों को गिराए जाने और उन्हें धमकियों पर गहरी चिंता जताई, जिसमें वाराणसी में 1,000 साल पुरानी मस्जिद गंज शहीदा भी शामिल है। उन्होंने भारत से ऐसी हरकतें तुरंत रोकने को कहा, और चेतावनी दी कि इससे भारत के टूटने और हमेशा के लिए अव्यवस्था फैलने का खतरा है. उन्होंने ऐसी हरकतों को तुरंत रोकने की मांग की और अल्पसंख्यकों के अधिकारों और साझा सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा का आग्रह किया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवसः प्रधानमंत्री ने कोलकाता में लोगों को योग सिखाया, बोले-यह सबको जोड़ता है





**कोलकाता (आरएनएस)।** देश और दुनिया में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस साल योग दिवस की थीम बढ़ती उम्र के लिए योग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में योग समारोह में शामिल हुए। उन्होंने ऐतिहासिक रेड रोड पर योग किया और वहां मौजूद लोगों को आसन भी सिखाए। उन्होंने कहा, बंगाल की ये पवित्र भूमि जहां भगवान राम कृष्ण परमहंस जैसे सिद्ध संतों ने अवतार लिया, जहां से निकलकर स्वामी विवेकानंद ने विश्व को योग से परिचय करवाया।

प्रधानमंत्री ने कहा, योग दुनिया का सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन चुका है, जो लोगों, देशों और संस्कृतियों को साथ जोड़ता है। 21 जून, जो पृथ्वी का सबसे लंबा दिन माना जाता है, अब दुनिया में योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। पूरा देश योग की उर्जा के चैत्नय से भरा हुआ नजर आ रहा है। पूरा विश्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ दिख रहा है। यही योग की ताकत है। योग सबको जोड़ता है, सबको साथ लाता है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इंडो तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 24वीं बटालियन ने पैंगोंग झील के किनारे योग सत्र आयोजित किया। हिमवीर, सेना के जवान, स्थानीय ग्रामीण और महाबोधि संस्थान के सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया। गुजरात के वडोदरा में लोगों ने पानी के अंदर योग किया। ओलिंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने गुरुग्राम में योग किया। रक्षा

> **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में योग समारोह में शामिल हुए। उन्होंने ऐतिहासिक रेड रोड पर योग किया और वहां मौजूद लोगों को आसन भी सिखाए**

मंत्री राजनाथ सिंह और एयर चीफ मार्शल एपी सिंह शिलांग में योग समारोह में शामिल हुए।


महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में लोगों के साथ योग किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा गुवाहाटी में योग करते दिखे। गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में योग किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी में सामूहिक योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान दिल्ली में योग दिवस समारोह में शामिल हुए। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने माउंट



आबू में योग किया।

कनाडा के टोरंटो में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने योग दिवस का आयोजन किया। शंघाई के मशहूर बंड फाइनेंस सेंटर में भारत के वाणिज्य दूतावास ने योग दिवस मनाया। पूरे अमेरिका में योग दिवस की धूम रही। टेक्सास के पार्कों और न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर राज्य की विधानसभाओं और गवर्नरों के दफ्तरों तक समारोह मनाया गया। भारतीय उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने ढाका में आयोजित योग दिवस समारोह में भाग लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। भारत के इस प्रस्ताव को 177 देशों ने समर्थन दिया और महज 3 महीने के अंदर यानी 11 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। इसके बाद पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2015 को मनाया गया था।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के दौरान योग किया।



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के अहमदाबाद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग किया।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली के असोला-भट्टी वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी में ब्लू लेक पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ योग किया।

# बीजेपी ने की दो-तिहाई बहुमत की जुगाड़, लोकसभा में पास होगा परिसीमन बिल!

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विपक्षी दलों में लगातार हो रही टूट की सियासी घटना ने केंद्र की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के हौसलों को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। सरकार में यह भरोसा बढ़ रहा है कि अगले महीने शुरू होने वाले संसद के मॉनसून सत्र तक वे संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जरुरी दो-तिहाई बहुमत का जादुई आंकड़ा हासिल कर लेंगे। एक रिपोर्ट में एक केंद्रीय मंत्री के हवाले से बताया गया है कि हमें पूरा भरोसा है कि मॉनसून सत्र तक हम महिला आरक्षण को लोकसभा और विधानसभा सीटों के नए परिसीमन से जोड़ने वाले संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जरूरी संख्या बल जुटा लेंगे। केंद्र सरकार दो बेहद अहम संविधान संशोधन विधेयकों को संसद से हरी झंडी दिखाने की तैयारी में है, जिनके लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत अनिवार्य है। महिला आरक्षण और परिसीमन। इस कानून के जरिए देश में महिला आरक्षण को लोकसभा सीटों की



संख्या बढ़ाने और सीमाओं को दोबारा तय करने के लिए परिसीमन की प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। बीजेपी साल 2029 के आम चुनाव से काफी पहले पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का कानून बनाना चाहती है। बीजेपी रणनीतिकारों का मानना है कि एक साथ चुनाव होने से पार्टी को राज्य चुनावों में भी राष्ट्रीय मुद्दों जैसे सुरक्षा, संप्रभुता और राष्ट्रीय गौरव पर वोट मांगने का सीधा लाभ मिलेगा। 540 की प्रभावी संख्या वाली वर्तमान लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत के लिए 360 वोटों की जरुरत है।

# भारतीय नौसेना की बढ़ी ताकत, मिले दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और अग्रय, दुश्मन पर कहर बनकर टूटेंगे ये युद्धपोत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** समंदर का सिकंदर बनने की दिशा में इंडियन नेवी ने एक और कदम आगे बढ़ा दिए हैं. तीन नए खतरनाक स्वदेशी युद्धपोत नौसेना का हिस्सा बने. इनमें स्टील्थ फ्रिगेट दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और अग्रय शामिल हैं. आधुनिक खूबियों से लैस ये वॉरशिप्स दुश्मन को पल में ही सबक सिखाने में माहिर हैं. ये ब्लू वॉटर ऑपरेशंस में अहम भूमिका निभाएंगी।

रविवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पीएम मोदी ने इन जंगी जहाजों को कमीशन किया।

भारतीय नौसेना लगातार अपने बेड़े में आधुनिक और स्वदेशी हथियारों को शामिल कर रही है. इसी कड़ी में अब स्टील्थ फ्रिगेट दूनागिरी, हाइड्रोग्राफिक सर्वे शिप आईएनएस संशोधक और अग्रय युद्धपोत भी सेना की ताकत बढ़ाएंगे। इन तीनों युद्धपोतों को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स की ओर से तैयार किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने नौसेना की कमीश्निंग सेरेमनी में हिस्सा लेकर इन



आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में नेवल डॉकयार्ड में आईएनएस दूनागिरी,आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय के 'ट्राई-कमीशनिंग' समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पश्चिम बंगाल के गवर्नर आर.एन. रवि और मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के साथ।

जहाजों को कमीशन किया। प्रेस इंफार्मेशन ब्यूरो के मुताबिक ये तीनों युद्धपोत देश की स्वदेशी जहाज निर्माण तकनीक का बेहतरीन उदाहरण हैं. इन तीनों जंगी जहाजों के निर्माण में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामानों का इस्तेमाल किया गया है। 200 से ज्यादा एमएसएमई इसमें शामिल रहे. इसकी वजह से रोजगार के कई मौके भी मिले।

इन तीनों जहाजों का सेना में कमीशन होना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ी उपलब्धि है।


प्रेस इंफार्मेशन ब्यूरो की प्रेस रिलीज के अनुसार ये युद्धपोत अपने देश के तटीक इलाके के अलावा खुले समुद्र में भी दुश्मन का मुकाबला करने में सक्षम हैं। समुद्र में कब, कहां और क्या हलचल हो रही है?, इसकी सटीक जानकारी जुटा सकते हैं. ये युद्धपोत ड्रोन या आधुनिक हमलों को बेअसर करने में माहिर हैं। ये जंगी जहाज एंटी-सबमरीन वॉरफेयर (पनडुब्बी-रोधी युद्ध) में अपनी अद्भुत क्षमता के लिए जाने जाते हैं।

**शिकंजा** — ट्रस्ट का पंजीकरण हो सकता है निरस्त, नोटिस का 23 जून 2026 को देना होगा जबाब

# जौहर ट्रस्ट पर आयकर विभाग ने कसा शिकंजा, भूमि आवंटन व संचालन पर दिया कारण बताओ नोटिस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर (आनन्द शर्मा)।** लगता है कि जेल में बंद पूर्व मंत्री आजम खान की मुश्किलें कम होने की बजाय बढ ही रही हैं ! सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग ने जौहर ट्रस्ट को कारण बताओ नोटिस थमा दिया है ! पता चला है कि इस नोटिस में ट्रस्ट के पंजीकरण सवाल उठाए गए हैं तथा पीसीआईटी (सैंट्रल ) लखनऊ द्वारा जारी इस नोटिस में ट्रस्ट से वित्तीय वर्ष 2020 - 21 से 2023 - 24 तक की गतिविधियों और पंजीकरण की शर्तों के पालन पर स्पष्टीकरण मांगा गया है ! हालांकि जौहर विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभी तक फिलहाल इस नोटिस पर कोई टिप्पणी नहीं की है ! मिली जानकारी को सही मानें तो नोटिस में इलाहाबाद हाईकोर्ट के 18 मार्च









2024 के फैसले और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का उल्लेख किया गया है ! विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक भूमि लीज मामले में ट्रस्ट को "फैमिली रन" ट्रस्ट करार दिया था साथ ही तत्कालीन मंत्री आजम खान पर पद का दुरुपयोग और हितों के टकराव को लेकर गंभीर टिप्पणियां की थीं ! बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को भी नोटिस का आधार बनाया है !

आयकर विभाग का कहना है कि ट्रस्ट को 2025 में मिले पंजीकरण और बाद में हुए नवीकरण की विभिन्न शर्तों का पालन नहीं किया गया है ! यह भी कह सकते हैं कि ट्रस्ट ने आयकर अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत निर्धारित शर्तों का उल्लंघन किया है,इसी आधार पर ट्रस्ट का पंजीकरण निरस्त करने की कार्यवाही पर विचार किया जा रहा है !

नोटिस के मुताबिक ट्रस्ट को 23 जून 2026 को सुबह 11.30 बजे व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया है ! विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जा सकती है !

उक्त प्रकरण पर जेल अधीक्षक का कहना रहा कि आजम खान जेल में बंद हैं और उन्हें इस संबंध में किसी पत्राचार की जानकारी नहीं है ! बताते चलें कि नगर विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में जौहर विश्वविद्यालय के कर संबंधी अनियमितताओं को लेकर शिकायत की थी !

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# प्रापर्टी डीलर गोली काण्ड में पिता की तहरीर पर आधा दर्जन नामजदों सहित आठ के खिलाफ मामला दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सभी नामजद आरोपी फरार नहीं चढ़ा कोई पुलिस के हत्थे**

**औरंगाबाद।** प्रापर्टी डीलर को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल किए जाने के मामले में पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने छः नामजदों सहित आठ लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी हमलावरों की तलाश में ताबड़तोड़ दविश दी लेकिन घटना के चौबीस घंटे बाद भी पुलिस के हत्थे एक भी हमलावर नहीं चढ़ सका। हमलावरों की तलाश सरगर्मी से जारी है।



शुक्रवार को पाली बेगपुर मोड़ पर खान प्रापर्टी डीलर के आफिस पर हुए हमले और गोली काण्ड मामले में घायल गुलजार के पिता निसार पुत्र मुंशी निवासी ग्राम रजवाना ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रितिक पुत्र अजयपाल, संदीप पुत्र जयराम, प्रिंस पुत्र चमन,छोटू पुत्र चमन, सचिन पुत्र मुकेश सभी निवासी ग्राम रजवाना , और नवीन निवासी ग्राम खनौदा थाना औरंगाबाद तथा दो अज्ञात लोगों के खिलाफ धाराओं 191(2), 191(3), 190,109 (1), 352,351 (3) एवं 3(5) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। विभिन्न टीमें गठित कर हमलावरों की तलाश में जुटी पुलिस को ताबड़तोड़ दविश के बाबजूद फिलहाल हमलावरों की तलाश में नाकामी हाथ लगी है। घटना के चौबीस घंटे बाद भी पुलिस के हत्थे एक भी हमलावर नहीं चढ़ सका है।

गौरतलब है कि गुरुवार को गांव के रास्ते पर आमने-सामने आ गयी गाड़ी आगे पीछे करने को लेकर हुई मामूली कहासुनी के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया और एक युवक की पिटाई कर दी गई। मामला थाने पहुंचा तो पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद प्रापर्टी डीलर के आफिस पर लाठी डंडों तमंचे से लैस हमलावरों ने शुक्रवार को हमला बोल कर गुलजार पुत्र निसार को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल? का मेरठ अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालत नाजुक बताई जा रही है। दो संप्रदायों से जुड़े होने के चलते पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। ए डी जी भानू भास्कर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश चंद्र सहित तमाम उच्चाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। गांव में हालात सामान्य बताये जा रहे हैं।

# नीट परीक्षा के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जनपद में आयोजित नीट (NEET) परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधाओं तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए परीक्षा की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने पर विशेष बल दिया।




अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि को रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ सतर्क निगरानी भी सुनिश्चित की गई। प्रशासन की सतर्कता एवं समुचित व्यवस्थाओं के चलते जनपद में नीट परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई।

# नूर तालाब रोड़ पर होता है भीषण जलभराव, नगरपंचायत के सर्वेसर्वा बेखबर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कस्बे में वार्ड 13 नूर तालाब रोड़ पर भुट्टू की चक्की के पास भीषण जलभराव से मौहल्ले वालों की जान सांसत में है। मौहल्ले वालों का सड़क पर बहते गन्दे पानी में निकलना दुश्वार हो गया है। तमाम शिकायतों के बाबजूद नगर पंचायत के सर्वेसर्वा बेखबर बने हुए हैं।



कस्बा औरंगाबाद में पानी का निकास और ड्रेनेज सिस्टम इतना खराब है कि जगह जगह सड़कों पर गन्दे पानी का जलभराव हो जाता है। सड़कों पर बन रहे तालाबों में से होकर गुजरना लोगों की नियति बन चुकी है। मौहल्ले वालों ने बताया कि तमाम शिकायतों को दरकिनार कर रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है।

# फादर्स डे पर विशेष: कई रूपों में करता है औलाद का मार्गदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिता के त्याग व बलिदान से ही पैदा होती है आदर्श संतान**

**शिकारपुर।** वर्ष जून महीने के तीसरे रविवार को यानी पिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन प्रत्येक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण है। प्रत्येक संतान का फर्ज बनता है कि वह अपने पिता के प्रति हमेशा सम्मान का भाव रखें जिससे कि आने वाली पीढियों में भी ऐसे ही संस्कारों में सम्मानों का प्रभाव बना रहे। जब कभी हमसे कोई गलती हो जाती है तो हमारे पिता अक्सर हम डांटे हैं पीते हैं हमें गलत कार्य करने से रोकते हैं। उसे समय देखा जाए तो कुछ पल के लिए हमारे सामने उनकी छवि एक हिटलर की भांति प्रतीत होती है। लेकिन जैसे जैसे-जैसे वक्त गुजरता है और हम बड़े होते जाते हैं तब हमें समझ आता है कि हमारे पिता का हमारे प्रति जो कठोर व्यवहार था उसके पीछे उनका प्रेम भाव ही छुपा था। हमारे बचपन से ही एक पिता खुद को थोड़ा सख्त बनाकर रखना है ताकि वह हमें कठिनाइयों से लड़ना सीखा सके। हमें खुशी देने के लिए वह अपनी खुशियों दुखों में दर्द तक को भी ठुकरा देते हैं। एक पिता जो एक मां के रूप में , एक शिक्षक के रूप में , तो कभी एक दोस्त के रूप में हमेशा अपना फर्ज निभाते हैं वह हमें अच्छे बुरे का ज्ञान करते हैं पिता अपनी संतान के लिए एक कवच होते हैं जिसकी छत्रछाया में रहते हुए हम अपने आपको हमेशा सुरक्षित महसूस करते हैं और अपने जीवन को एक सही दिशा देने का प्रयास करते हैं हम अपनी छोटी-छोटी ख्वाहिशों को हमेशा अपने पिता के सामने रखते हैं और वह उनका पूरा भी करते हैं। उसे समय हम यह नहीं सोचते कि हमारे पिता ने कैसे कहां से व्यवस्था की होगी? लेकिन जब हम जिंदगी में एक पिता का पद प्राप्त करते हैं तब हमें इसको वास्तविक ज्ञान होता है। अपनी जिंदगी में लाख तकलीफों को झेलने के बाद भी एक पिता के चेहरे पर कभी सिकन नहीं आती । हर परिस्थिति में उनके चेहरे पर एक प्यारी सी मुस्कान हमेशा बनी रहती है जो हमें खुशी और सुख का एहसास कराती है। वैसे तो तमाम उम्र भी उनके त्याग और बलिदान को चुकाया नहीं जा सकता लेकिन कम से कम साल में एक दिन पिता दिवस के रूप में मनाकर उनके प्रति कृतक बने रहे। आधुनिक संस्कृति ने हमें फादर्स डे के रूप में यह सुनहरा अवसर दिया है तो हम अपनी भावनाओं को जो हम चाह कर भी कभी अपने पिता को का नहीं पाते इस अवसर पर कह सकते हैं।

उन्हें वह अपनापन महसूस कर सकते हैं जिससे वह तमाम अपने पिता होने पर गर्भ महसूस कर सकें। हम आज अपनी जिंदगी में जो कुछ भी बन पाए हैं वह आपके बिना संभव नहीं था। एक संतान अपने पिता को अगर अपनी शुभकामनाएं दे तो इससे बढ़कर खुशी का पाल उसके लिए और कोई नहीं हो सकता।

# गुलावठी में अवैध रूप से संचालित वरदान हेल्थ केयर सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई, अस्पताल सील

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

गुलावठी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से संचालित किए जा रहे वरदान हेल्थ केयर सेंटर पर छापेमारी कर कार्रवाई की। जांच के दौरान अस्पताल बिना वैध पंजीकरण के संचालित पाया गया, जिसके बाद विभाग ने अस्पताल को सील कर दिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सुनील दोहरे ने बताया कि उनके निर्देश पर डॉ. सचिन भाटी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया। जांच में अस्पताल के आवश्यक दस्तावेज एवं पंजीकरण प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं पाए गए।

कार्रवाई के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों को सुरक्षित रूप से अन्य मान्यता प्राप्त अस्पतालों में स्थानांतरित कराया गया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने नियमानुसार अस्पताल को सील कर दिया।

सीएमओ ने कहा कि जनपद में बिना पंजीकरण एवं मानकों के विपरीत संचालित अस्पतालों, क्लीनिकों और स्वास्थ्य केंद्रों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि मरीजों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सके।

# पीएम स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया स्वनिधि महोत्सव, लाभार्थियों को किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के सफलतापूर्वक छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के निर्देशन तथा परियोजना निदेशक, डूडा बुलंदशहर के मार्गदर्शन में जनपद में भव्य स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक लक्ष्मीराज सिंह, नगर पालिका परिषद बुलंदशहर की अध्यक्ष दीप्ति मित्तल तथा परियोजना अधिकारी, डूडा डॉ. अश्वनी कुमार सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा सभासदगण एवं डूडा के अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। महोत्सव के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शहरी पथ विक्रेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले रेहड़ी, पटरी और ठेला संचालकों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।






कार्यक्रम में लाभार्थी श्रीमती कैलाश भटनागर ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि कोरोना महामारी के दौरान आर्थिक संकट के समय उन्हें पीएम स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार रुपये का ऋण प्राप्त हुआ, जिससे उन्होंने अपना छोटा व्यवसाय शुरू किया। समय पर ऋण चुकाने के बाद उन्हें 20 हजार रुपये तथा बाद में 50 हजार रुपये का ऋण मिला, जिससे उनका कारोबार लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना ने न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि समाज में उनका सम्मान भी बढ़ाया है।

# योग से निरोग की ओर बढ़ते कदम: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**


**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में डिबाई नगर स्थित त्रिवेणी दत्त सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सहभागिता कर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्रवाल ने किया। योग गुरु गिरिराज वार्ष्णेय एवं डॉ. देवेंद्र सिंह ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने में भी सहायक होता है।

इस अवसर पर योग के महत्व से जुड़े रोचक तथ्य भी साझा किए गए। बताया गया कि योग की उत्पत्ति भारत में हजारों वर्ष पूर्व हुई और आज विश्व के अनेक देशों में करोड़ों लोग इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किए जाने के बाद योग वैश्विक स्वास्थ्य आंदोलन के रूप में स्थापित हुआ है।

# आवारा कुत्तों और बंदरों के हमले में मासूम घायल, भाकियू आजाद ने प्रशासन से की कार्रवाई की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** नगर के मोहल्ला पीर खां में आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को एक मासूम बच्चा जानवरों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले में बच्चे के होंठ और नाक पर गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।





भारतीय किसान यूनियन (आजाद) के राष्ट्रीय सचिव चौधरी सलमान कुरैशी ने बताया कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों और बंदरों की समस्या को लेकर कई बार शासन-प्रशासन को लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग केवल आश्वासन देकर मामले को टाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका और वन विभाग की उदासीनता के कारण आए दिन बच्चे और स्थानीय लोग इन जानवरों के हमलों का शिकार हो रहे हैं, जिससे क्षेत्रवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। भाकियू (आजाद) ने प्रशासन से मांग की है कि घायल बच्चे का सरकारी खर्च पर तत्काल उपचार कराया जाए, मोहल्ला पीर खां में 24 घंटे के भीतर बंदरों और आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए तथा मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

चौधरी सलमान कुरैशी ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए तो भारतीय किसान यूनियन (आजाद) आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर में दिखी एकता की मिसाल, मुस्लिम सभासदों ने भी किया योगाभ्यास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीराबाद।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद परिसर में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन किशनपाल लोधी, सभासदों, पालिका कर्मचारियों एवं नगर के गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें प्रशिक्षकों के निर्देशन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए। इस दौरान चेयरमैन किशनपाल लोधी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और आध्यात्मिक रूप से संतुलित बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करना चाहिए, जिससे अनेक बीमारियों से बचाव संभव है।





नगर के विभिन्न वार्डों में भी सभासदों के नेतृत्व में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभासद मनोज शास्त्री और कैलाश चंद्र सैनी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से तनाव कम होता है और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है। योग दिवस का सबसे प्रेरणादायक दृश्य तब देखने को मिला जब मुस्लिम सभासद सुल्तान अंसारी और मुन्नन अंसारी ने अपने-अपने वार्डों में स्थानीय लोगों के साथ योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने कहा कि योग किसी धर्म विशेष से नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और मानव कल्याण से जुड़ा है। उनके इस प्रयास को लोगों ने हिन्दू-मुस्लिम एकता और सामाजिक सौहार्द का सशक्त संदेश बताया।

नगरवासियों ने भी योग कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और नियमित योग करने का संकल्प लिया। पूरे नगर में उत्साह और भाईचारे के वातावरण के बीच मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वास्थ्य, एकता और सद्भाव का संदेश देकर संपन्न हुआ। इस के आलावा सभासद कल्पना शर्मा,अंजलि शिशोदिय, धर्मपाल लोधी ने भी अपने वार्डो मे योग दिवस मनाया!

**योग दिवस** — **इस अवसर पर अतिथियों एवं अधिकारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया**

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर यमुनापुरम स्टेडियम में भव्य योग शिविर, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यमुनापुरम स्टेडियम, बुलंदशहर में भव्य योग शिविर एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को दैनिक जीवन में योग अपनाने तथा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व विभाग के राज्य मंत्री सुरेन्द्र दिलेर, बुलंदशहर के सांसद डॉ. भोला सिंह, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं मेरठ मंडल के आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी (आईएएस) तथा जिलाधिकारी कुमार हर्ष द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों एवं अधिकारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन योग परंपरा को आज पूरी दुनिया अपना रही है, जो देशवासियों के लिए गर्व का विषय है। योग शिविर में योग विशेषज्ञ के निर्देशन में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत ताड़ासन, वृक्षासन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास कराया गया। साथ ही विभिन्न योगासनों के स्वास्थ्य लाभों एवं तनावमुक्त जीवनशैली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।








कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर पंचायती राज विभाग के माध्यम से जनपद के सभी विकास खंडों, 946 ग्राम पंचायतों तथा जिला मुख्यालय स्तर पर भी योग दिवस को वैश्विक उत्सव के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रमों में जिला पंचायत राज अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रशासक, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), खंड विकास अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योगासन कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

# निटरा के 52वें स्थापना दिवस समारोह में आज शामिल होंगे केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन (निटरा) अपने 52वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 22 जून को कर रहा है। इस अवसर पर भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की ओर से केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह तथा राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता ने देते हुए बताया कि दोनों मंत्री निटरा की 52 वर्षों की विकास यात्रा का अवलोकन करेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। साथ ही वे मीडिया से संवाद कर निटरा की भूतकालीन, वर्तमान और भावी उपलब्धियों तथा आगामी परियोजनाओं की जानकारी भी साझा करेंगे। कार्यक्रम 22 जून (सोमवार) को प्रातः 11:30 बजे निटरा परिसर स्थित सेमिनार हॉल, सेक्टर-23, संजय नगर, गाजियाबाद में आयोजित होगा। निटरा के महानिदेशक डॉ. एम. एस. परमार ने मीडिया प्रतिनिधियों एवं गणमान्य अतिथियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाने का अनुरोध किया है।

**कार्यक्रम 22 जून (सोमवार) को प्रातः 11:30 बजे निटरा परिसर स्थित सेमिनार हॉल, सेक्टर-23, संजय नगर, गाजियाबाद में आयोजित होगा**

# शालीमार गार्डन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन, योग सत्र व नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**







**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** निवर्तमान महानगर महामंत्र पप्पू पहलवान के नेतृत्व में दयानंद पार्क आवासीय विकास समिति द्वारा शालीमार गार्डन वार्ड 78, विस्तार प्रथम, गाजियाबाद में12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया।
यह कार्यक्रम भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व एवं योग को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प से प्रेरित होकर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गाजियाबाद के लोकप्रिय सांसद अतुल गर्ग एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार कैप्टन विकास गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम मे योगाचार्य पल्लवी त्रिवेदी जी द्वारा उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली योग सत्र का आयोजन किया गया। उनके मार्गदर्शन में उपस्थित सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश प्राप्त किया। इस प्रेरणादायक योगदान के लिए उनका हार्दिक आभार एवं साधुवाद व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित जनों को तुलसी जी के पौधे वितरित किए गए तथा प्रसाद स्वरूप दूध-जलेबी की व्यवस्था भी की गई। साथ ही क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लड टेस्ट सहित विभिन्न जांचें की गईं। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया। अंत में सभी आगंतुकों एवं सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पार्षद श्याम शर्मा पार्षद राहुल शर्मा प्रतीक माथुर ऋषभ शर्मा विपुल अग्रवाल डीएन कॉल भूषण लाल हरीश गौड़ सुमन सती प्रियंका सोलंकी सीमा सिंह अनीता राणा अभिषेक श्रीवास्तव परवीन शर्मा सुनील त्यागी राजन कुमार अवदेश सिंह रजत श्रीवास्तव सूची श्रीवास्तव कविता त्यागी उमेद भंडारी सुमन झा शखुशबु निधि जी पी सिंह शैतान सिंह विजय चौधरी रविंद्र जैन आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शाहदरा रेलवे स्टेशन पर युवक की मौत के मामले में परिजनों को एक करोड़ रुपये सहायता देने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**खेकड़ा (बागपत)।** शाहदरा रेलवे स्टेशन पर हुई एक मारपीट की घटना में खेकड़ा निवासी पंकज धामा की मौत के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। बहुजन मुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजुद्दीन गादरे ने अपनी टीम के साथ मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की। राजुद्दीन गादरे ने कहा कि उपलब्ध वीडियो फुटेज के आधार पर घटना की गहन जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान मौजूद एक पुलिसकर्मी द्वारा समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया गया, जिससे स्थिति गंभीर हो गई। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की।
गादरे ने प्रदेश सरकार से मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने तथा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की।



उन्होंने कहा कि पंकज धामा की उम्र लगभग 34 वर्ष थी। उनके परिवार में पत्नी, साढ़े चार वर्षीय पुत्र और डेढ़ वर्षीय पुत्री हैं। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।
मृतक के घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए खेकड़ा और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सभी ने परिवार को ढांढस बंधाया और न्याय दिलाने की मांग की। इस दौरान मोहम्मद असलम सैफी, मेरठ मंडल अध्यक्ष चौधरी गुल्लू बादशाह, चौधरी राजकुमार, कृष्णपाल चौधरी, फूल सिंह, रविंद्र सिंह, बाबा रणवीर सिंह, कृपाल सिंह, बंटी धामा, एडवोकेट शाइस्ता एंजेल, निशांत धामा, राजेश जायसवाल, अनुज पासवान, अतुल कुमार और ओमवीर सिंह यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# जीएनआईओटी एमबीए संस्थान में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नॉलेज पार्क-2 स्थित जीएनआईओटी एमबीए संस्थान में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. अंशुल शर्मा ने किया।
कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन, सुखी एवं सफल जीवन की आधारशिला हैं तथा योग दोनों को संतुलित रखने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल से योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है और यह आज भी लोगों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके उपरांत प्रशिक्षक द्वारा संस्थान के शिक्षकों एवं स्टाफ को प्राणायाम, सुखासन, वक्रासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी तथा सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगाभ्यास कराए गए। इस अवसर पर निदेशक डॉ. अंशुल शर्मा ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है तथा व्यक्ति अपने तन और मन को स्वस्थ रख सकता है। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मन, चित्त और विचारों को भी सकारात्मक एवं संतुलित बनाता है। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार गुप्ता एवं उपाध्यक्ष श्री गौरव गुप्ता ने कहा कि योग के लाभों को देखते हुए आज पूरी दुनिया इसे अपना रही है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम में संस्थान के डीन, विभागाध्यक्ष, कार्यक्रम संयोजक डॉ. पल्लवी सिंह सहित सभी शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।





# योग स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आधार: समद सैफी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर युवा समाजसेवी समद सैफी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाने का कार्य करता है। वर्तमान समय में बढ़ते तनाव और अनियमित जीवनशैली के बीच योग स्वस्थ जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर निरोग रहता है, मन को शांति मिलती है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। योग केवल एक व्यायाम पद्धति नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और सकारात्मक बनाने की कला है। यदि युवा वर्ग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना ले, तो वह न केवल स्वयं स्वस्थ रहेगा बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगा।
युवा समाजसेवी ने सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी योग के प्रति जागरूक करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए योग को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है।



# छोटा हरिद्वार बना मौत का अड्डा; गंगनहर की सुरक्षा पर उठे सवाल, हरमीत की माँ की गुहार "किसी और माँ की गोद न उजड़े"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)।** मुरादनगर के छोटा हरिद्वार स्थित गंगनहर (गंगा नहर) में लगातार हो रही मौतों की घटनाओं ने एक बार फिर सुरक्षा इंतजामों और प्रशासन की सतर्कता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहाँ 2017 की अल आई यू (लोकल इंटेलिजेंस यूनिट) रिपोर्ट में सुरक्षा संबंधी चिंताओं का ज़िक्र किया गया था, वहीं स्थानीय इखढ विधायक संजीव शर्मा द्वारा 2026 में मुख्यमंत्री से उच्च-स्तरीय जाँच की माँग के बाद यह मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया है। इस बीच, हरमीत भाटिया (सनी) के बर्बाद हो चुके परिवार का दुख लोगों को बहुत प्रभावित कर रहा है; पिछले कुछ महीनों में इलाके में हुई 13 मौतों ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हरमीत की माँ, पत्नी और बहन का कहना है कि उनके लिए 'छोटा हरिद्वार' अब आस्था की जगह नहीं, बल्कि एक दुखद घटना का स्थान बन गया है जिसने उनकी ज़िंदगी बदल दी है एक ऐसी जगह जिसे अब सही मायने में "नरक का दरवाजा" कहा जा सकता है।

**"2017 की अल आई यू रिपोर्ट से लेकर 2026 में MLA के पत्र तक गंगनहर की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पर सवाल"**




हरमीत की माँ बताती हैं कि बेटे की मौत के समय वह इतनी टूट चुकी थीं कि पोस्टमार्टम की इजाजत देने की हिम्मत नहीं जुटा पाईं। वह पूछती हैं, "कौन सी माँ अपने बेटे के शरीर को कटते-फटते देखना चाहेगी?" वह बताती हैं कि दुख और भावनात्मक जुड़ाव के कारण उन्होंने पोस्टमार्टम नहीं करवाया, लेकिन अब उन्हें लगता है कि इस फैसले से कई सवाल अनसुलझे रह गए, जिससे इन घटनाओं में शामिल गिरोह को शायद अपनी ज़िम्मेदारी से बचने का मौका मिल गया।उन्हें डर है कि अगर ठीक से जाँच नहीं हुई, तो बुरे लोग हालात का फायदा उठा सकते हैं और सच हमेशा के लिए दब सकता है। हालाँकि उन्हें पता है कि उनका बेटा वापस नहीं आएगा, फिर भी उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में किसी और परिवार को ऐसा दर्द नहीं सहना पड़ेगा। परिवार का दावा है कि घटना के बाद उन्हें कुछ ऐसी बातें पता चलीं जिनसे उन्हें शक हुआ। उनका आरोप है कि नहर के इलाके में कुछ लोगों की गतिविधियाँ लंबे समय से चर्चा का विषय रही हैं और वे जोर देकर कहते हैं कि इन सभी पहलुओं की निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए। हालाँकि, इन आरोपों की पुष्टि केवल उच्च-स्तरीय जाँच के बाद ही हो सकती है। परिवार का यह भी कहना है कि एक नाबालिग बच्चे ने घटना के बारे में अहम जानकारी देने की कोशिश की थी उसने रात में कार से शवों को ले जाने, गड्ढा खोदने और बच्चे को जानबूझकर डुबोने वाले खेल जैसी बातें बताई थीं और आरोप है कि बाद में उस बच्चे के साथ मारपीट की गई। हालाँकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन परिवार चाहता है कि जाँच एजेंसियाँ इस पहलू की भी जाँच करें। वे मुरादनगर के रहने वाले अहसान नाम के एक मुस्लिम व्यक्ति की ओर इशारा करते हैं—जिसका घाट पर लोगों को ब्लैकमेल करने का पुराना इतिहास रहा है और आरोप लगाते हैं कि उसने शवों को निकालने के लिए पैसे माँगे थे; जैसे उसने पहले रवींद्र पाल का शव ढूँढने के लिए उनके परिवार से 6,000 लिए थे, वैसे ही उसने इस परिवार को भी कई दिनों तक गुमराह किया और 10,000 तक की माँग की। हरमीत की बड़ी बहन का रो-रोकर बुरा हाल है; परिवार के मुताबिक, वह कई बार बेहोश हो चुकी हैं। पिता की मौत के बाद हरमीत ही परिवार का सहारा था।


## संक्षिप्त समाचार

### लैंडक्राफ्ट मेट्रो होम्स सोसायटी मे फिर से मार पीट हिस्ट्रीशीटर सहित मुकदमा दर्ज!

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मुरादनगर स्थित लैंडक्राफ्ट मेट्रो होम्स सोसायटी फिर से विवाद को लेकर सुर्खिओ मे आई है !दीपक चौधरी नाम के युवक ने एक हिस्ट्रीशीटर शैलेश भारद्वाज सहित अन्य सन्नी त्यागी नाम के युवक पर मार पीट का आरोप लगाया था !तथा डी. सी. पी. ग्रामीण को शिकायती पत्र दिया था! डी.सी.पी. ग्रामीण ने जाँच करा कर मामला सत्य पाए जाने पर मुरादनगर थाने को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे जिसमे मुकदमा पंजीकृत कर कारवाही की गयी नाम शैलेश भारद्वाज Fir 13227102250095 पुलिस स्टेशन बजघेरा गुरुग्राम है,आरोप है की शैलेश भारद्वाज जालसाजी के मुकदमे मे कई बार जेल जा चुका है तथा सन्नी त्यागी पर भी पूर्व मे 307का मुकदमा दर्ज है। शैलेश भारद्वाज सोसायटी की ए.ओ.ए. मे सदस्य भी है, सोसायटी का इतना माहौल खराब हो चुका है की शायद कोई दिन ही बिना विवाद के बीतता हो! पुलिस को इस सोसायटी पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है!



## विश्व योग दिवस | हजारों नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ, संतुलित एवं सशक्त जीवन का लिया संकल्प

# विजय सिंह पथिक स्टेडियम में विश्व योग दिवस-2026 का विराट आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर रविवार को विजय सिंह पथिक स्टेडियम, ग्रेटर नोएडा में आयुष विभाग, गौतमबुद्ध नगर द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से एक भव्य एवं ऐतिहासिक सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनस्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक उन्नयन के संदेश को समर्पित इस आयोजन में हजारों नागरिकों ने उत्साह, अनुशासन एवं समर्पण भाव के साथ सहभागिता कर योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरेंद्र कुमार कश्यप रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी सुश्री मेधा रूपम, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सुश्री प्रेरणा सिंह, विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी, श्रीचंद शर्मा, विधायक श्री तेजपाल नागर तथा जिला अध्यक्ष श्री अभिषेक शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आर्ट ऑफ लिविंग, गौतमबुद्धनगर की संयोजिका श्रीमती सविता शर्मा की पूरी टीम ने योग दिवस के इस कार्यक्रम में अपनी बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। विख्यात योगाचार्य अनुराग जी की प्रेरक उपस्थिति रही। सामूहिक योगाभ्यास का संचालन योग प्रशिक्षक कुलभूषण दुबे द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को विविध योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक विधियों का अभ्यास कराया तथा योग के बहुआयामी लाभों पर विस्तृत प्रकाश डाला। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने कहा कि योग भारत की सनातन ज्ञान-परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और जीवन-दर्शन की अनुपम धरोहर है, जिसने आज संपूर्ण विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और आत्मानुशासन का प्रभावी मार्ग प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं सतत प्रयासों के फलस्वरूप योग को वैश्विक मान्यता प्राप्त हुई है तथा यह मानव कल्याण के सार्वभौमिक अभियान के रूप में स्थापित हुआ है।
कार्यक्रम में सविता शर्मा, योगाचार्य अनुराग जी, भगवत प्रसाद शर्मा सहित सनराइज इंटरनेशनल स्कूल, नन्हक फाउंडेशन, वूमेन एम्पावरमेंट ग्रुप, ब्राह्मण सभा उत्तर प्रदेश, टीचर्स एसोसिएशन एवं विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। इस विशाल आयोजन की सफलता में ग्रेटर नोएडा मण्डल अध्यक्ष अर्पित तिवारी, सागर जी, रविशा जी, सुरेश शर्मा, अरुणिमा एवं विनीता जी सहित अनेक स्वयंसेवकों और सहयोगियों की उल्लेखनीय भूमिका रही, जिनके समर्पित प्रयासों ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल स्वरूप प्रदान किया।
योग सत्र के दौरान संपूर्ण स्टेडियम सकारात्मक ऊर्जा, सामूहिक चेतना और स्वास्थ्य-जागरूकता के अद्भुत वातावरण से आलोकित दिखाई दिया। प्रतिभागियों ने पूर्ण एकाग्रता एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ तन, स्वस्थ मन और स्वस्थ समाज के संदेश को आत्मसात किया।

**योगमय हुआ विजय सिंह पथिक स्टेडियम, हजारों नागरिकों ने अपनाया स्वस्थ जीवन का संकल्प**








## "12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" स्वस्थ रहने के लिए नित्य योग करना आवश्यक : सुनील कुमार शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा आई०एम०एस० कालेज एन०एच०-9 डासना गाजियाबाद के विशाल प्रांगण में सामूहिक योग सत्र का आजोजन किया गया, कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा, मंत्री-इलेक्ट्रानिक्सएवं सूचना प्रद्योगिकी , मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष भाजपा, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़, मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ एवं क्षेत्रीय ७आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ० अशोक कुमार राना द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर के किया गया। मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा, मंत्री द्वारा अपने अध्यक्षीय भाषण में उपस्थित योग साधकों को नित्य प्रति योग करने एवं योग के लाभ के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुये इतने भव्य एवं सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग की प्रशंसा किया। योगाचार्य यश पाराशर द्वारा उपस्थित करीब 5000 योग साधको को योग प्रोटोकाल के अनुसार विधिपूर्वक योगाभ्यास कराया तथा योग द्वारा तनाव, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप एवं शुगर जैसे घातक रोगों से मुक्ति एवं बचाव हेतु योग एवं ध्यान मुद्राओ के बारे जानकारी प्रदान किया।कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित योग साधकों तथा अतिथि गणो को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये अतिथि गणों तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियो विशेष सहयोगी सी०ए० (डॉ०) राकेश छारिया , मैनेजिंग ट्रस्टी आई०एम०एस०, ललित जायसवाल चीफ वार्डेन सिविल डिफेंस, अनिल अग्रवाल पूर्व डिप्टी चीफ वार्डेन सिविल डिफेंस को प्रतीक चिन्ह एवं पौधे भेट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनपद के ए०डी०एम०, सिटी मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, आयुष विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित जनपद स्तरीय तमाम विभागो के विभागाध्यक्ष एवं उनके विभागीय अधिकारी, कर्मचारीयों ने योग सत्र में उपस्थित होकर योगाभ्यास किया।

# दुकान पर पेशाब भरा डिब्बा फेंकने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अतरौली नगर के मुख्य बाजार छिपेटी में एक प्रेस वाले दुकानदार को दुकान के सामने पेशाब से भरा डिब्बा फेंकने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। घटना अतरौली के राठी चौराहा स्थित पारस जैन की जनरल मर्चेंट की दुकान से जुड़ा है। सुबह जब पारस जैन ने अपनी दुकान खोली, तो उन्हें शटर के पास पेशाब से भरा एक डिब्बा मिला। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने पर खुलासा हुआ कि एक प्रेस करने वाले दुकानदार ने ही यह



डिब्बा फेंका था। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद व्यापार मंडल और हिंदूवादी संगठनों ने इस घटना पर कड़ा विरोध जताया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष दुर्गेश कुमार वार्ष्णेय ने आरोप लगाया कि आरोपी प्रेस वाला दुकानदार कपड़ों पर पेशाब लगाकर प्रेस करता है। उन्होंने इस कृत्य पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की। मामले का संज्ञान लेते हुए सीओ और कोतवाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुकानदार पारस जैन की तहरीर पर मोहल्ला खलीफान निवासी भोला उस्ताद पुत्र बशीर खां को गिरफ्तार कर लिया।

# 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम में सामूहिक योगाभ्यास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगा फॉर हेल्दी एजिंग थीम के अंतर्गत अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास कर योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जो हमें स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवन का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि योग की परंपरा ऋषि-मुनियों के समय से चली आ रही है और आज यह पूरी दुनिया को स्वस्थ जीवन का संदेश दे रही है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 नरेन्द्र कुमार ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व मंत्री जी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा आरोग्य के देवता धनवन्तरी जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सांसद सतीश गौतम, एमएलसी डा0 मानवेन्द्र सिंह, प्रो. तारिक मंसूर, विधायक कोल श्री अनिल पराशर, विधायक इगलास राजकुमार सहयोगी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह, ठाकुर श्योराज सिंह, मेयर प्रशांत सिंघल, ई. राजीव शर्मा, शिवनारायण शर्मा, डीएम अविनाश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार, पीडी डीआरडीए राजेश कुमार कुरील, डीडीओ आलोक आर्य, डीआईओएस पूरन सिंह, सीवीओ डॉ0 दिवाकर त्रिपाठी, डीपीआरओ यतेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। पतंजलि योगपीठ से रविकर आर्य एवं उनकी टीम ने योगाभ्यास का संचालन कराया।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पंचायत में योगासन शिविर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा(एनजी वर्मा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के बारहवें आवाहन पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश के जिला गौतम बुद्ध नगर की नगर पंचायत बिलासपुर प्रांगण में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लता चेची के पति संजय भैया चेची के सानिध्य में योग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय भैया चेची समेत सभी नगर पंचायत सभासद पत्रकार बंधुओ योगासन की विभिन्न क्रियाएं का प्रदर्शन किया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि संजय भैया ने कहा कि समग्र सुख समृद्धि के लिए मन मस्तिष्क स्वस्थ होना जरूरी है यह तभी संभव है जब हमारा स्वास्थ्य अच्छा होगा हम सबको स्वस्थ जीवन जीने के लिए योगासन नियमित रूप से करना चाहिए जिससे कि हमारा स्वस्थ स्वस्थ होने के साथ ही हमारा भविष्य भी स्वस्थ बना सके इस मौके पर योग शिक्षक हरि प्रकाश बाबा ने उपस्थित जनों को योग क्रियाएं करवाई।





इस मौके पर सभासद अरशद खान, मनीष अग्रवाल, सामाजिक चिंतक व पत्रकार नंद गोपाल वर्मा, सभासद मोहम्मद दानिश अली, प्रधानाचार्य एवं सभासद श्रीमती ममता शर्मा, पूनम, सभासद मीना, सभासद रोहतास, सभासद भूपेंद्र सिंह एवं अतीक पठान उपस्थित रहे।

# पक्षी औषधालय समिति के विनीत जैन अध्यक्ष, तुषार जैन बने महामंत्री

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जीव-दया, पशु-पक्षी संरक्षण और मानवीय सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली जैन पक्षी औषधालय समिति की वार्षिक बैठक श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कसेरठ बाजार में आयोजित बैठक में समिति की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से विनीत जैन को अध्यक्ष तथा तुषार जैन को महामंत्री चुना गया। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद सभी पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

**सर्वसम्मति से चुनी नई कार्यकारिणी**

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार इंजीनियर सतीश कुमार जैन,अनिल जैन,अभिषेक जैन और राजीव जैन (नीटू) को समिति का संरक्षक बनाया गया। इसके अलावा विनीत जैन को अध्यक्ष,सुरेश चंद जैन, राजीव जैन और आकाश जैन को उपाध्यक्ष, तुषार जैन को महामंत्री, अर्चित जैन को कोषाध्यक्ष,हिमांशु जैन और विपुल जैन को मंत्री तथा सौरभ जैन को उपमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।



**जीव-दया जैन धर्म का मूल आधार**

समिति के संरक्षक अनिल जैन ने कहा कि जैन धर्म में जीव-दया को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। पक्षी औषधालय केवल एक संस्था नहीं, बल्कि जीवों के प्रति करुणा और सेवा भावना का प्रतीक है। घायल और बीमार पक्षियों को उपचार उपलब्ध कराना समाज की नैतिक जिम्मेदारी है।

**पक्षियों के लिए वरदान साबित हो रहा औषधालय**

बैठक में बताया गया कि जैन पक्षी औषधालय में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में घायल,बीमार और दुर्घटनाग्रस्त पक्षियों का उपचार किया जाता है। यहां विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को प्राथमिक उपचार,दवाइयां और आवश्यक देखभाल उपलब्ध कराई जाती है। समिति का उद्देश्य केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना और जीव संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना भी है।

**समाज के सहयोग से और मजबूत होगा सेवा अभियान**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनीत जैन ने कहा कि समिति की प्राथमिकता पक्षी औषधालय की सुविधाओं का विस्तार करना और अधिक से अधिक जरूरतमंद पक्षियों तक सहायता पहुंचाना होगा। वहीं महामंत्री तुषार जैन ने कहा कि समाज के सहयोग से समिति सेवा कार्यों को और प्रभावी बनाएगी तथा युवा पीढ़ी को भी जीव-दया के अभियान से जोड़ा जाएगा।

## भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री कालेज प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में योग वैश्विक जन आंदोलन बना: अरुण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** रविवार को 12वें जेएमएस कालेज में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह योगाभ्यास किया। साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया।







भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सांसद अरुण मोहन ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग आज वैश्विक जनआंदोलन बन चुका है। योग न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है,बल्कि मानसिक शांति,आत्मबल एवं सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करता है। हम सभी योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ, सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कविता माधरे आदि ने मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री अरुण मोहन को भगवान राम की प्रतिमा भेंट कर व उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत रेखा नागर,पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश तोमर,जिला महामंत्री श्यामेन्द्र त्यागी,जय भगवान शर्मा,जिला पंचायत सदस्य सतीश प्रमुख,पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीश त्यागी,मुनेश त्यागी,अनिरुद्ध कस्तला आदि मौजूद रहे।

# आजाद हिन्द नगर कॉलोनी में गली चटकी, ठेकेदार ने रेत से कर दिया गली का निर्माण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** वार्ड नं0 1 के आजाद हिन्द नगर कॉलोनी भदेशी माफी में गली के निर्माण हुए मात्र 20 दिन हुए हैं, लेकिन भ्रष्ट ठेकेदार द्वारा गली के निर्माण में लागई गई घटिया सामिग्री के गली कई जगह से चटक गई है। यहीं नहीं नाली का निर्माण भी सही ढ़ंग से नहीं किया गया है, नाली सकरी होने के कारण पानी की निकासी भी नहीं हो पा रही है। जिससे मोहल्ले के लोगों में आंक्रोश व्यक्त किया है। जब मोहल्ले के लोगों ने पार्षद ओमवती को अवगत कराया, तो उन्होने भी संज्ञान नहीं लिया और पल्ला झाड़ते हुए कहने लगी कि गली बन गई, ये ही बहुत है। क्षेत्रीय लोगों ने नगर निगम के आलाधिकारियों का ध्यान इस ओर दिलाते हुए ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रेस फोटो ग्राफर मयंक जैन के पिता के निधन पर शोक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** रविवार को प्रेस फोटो ग्राफर मयंक जैन के पिता अखिलेश जैन 57 वर्षीय का आकस्मिक निधन होने पर रामघाट रोड़ प्रेस कार्यालय पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित पत्रकारों ने गहरा दुःख व्यक्त किया और ईश्वर से उनके शोकाकुल परिवार को शान्ति प्रदान करने की कामना की है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ सुशील तोमर, मनोज चौहान, जितेन्द्र कुमार, लोकेन्द्र वर्मा, देवेन्द्र, रोहित वर्मा, गुलाब नवी ने ईश्वर से उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करने की कामना की है।



### अलीगढ़ में कड़ी सुरक्षा के बीच अभ्यर्थियों को मिला प्रवेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** रविवार को अलीगढ़ में पेपर लीक विवाद के बाद निरस्त हुई नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा 18 केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। केंद्रों पर अभ्यर्थियों की एंट्री सुबह 11:00 बजे से ही शुरू कर दी गई है, ताकि सघन चेकिंग के कारण किसी को देरी न हो। परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5:15 बजे तक चलेगी। अभ्यर्थियों को सघन चेकिंग के बाद केंद्रों पर प्रवेश दिया जा रहा है। इस परीक्षा में जिले के 8,800 से अधिक अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए इस बार बड़े बदलाव किए गए हैं।

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में जाने से से पहले तीन स्तरीय सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ रहा है। पहचान की चोरी रोकने के लिए फिंगरप्रिंट और फेस स्कैन अनिवार्य किया गया है। अभ्यर्थियों की बारीकी से जांच की जा रही है। किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को रोकने के लिए केंद्रों पर हाई-टेक जैमर्स लगाए गए हैं। हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए एंट्री पॉइंट से लेकर क्लासरूम तक सीसीटीवी लगाए गए हैं। इस बार परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए किसी भी निजी स्कूल को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के 4 केंद्रों सहित सभी 18 सरकारी व अनुदानित संस्थान ही केंद्र बने हैं। इसके अलावा कक्ष निरीक्षक से लेकर किसी भी व्यवस्था में निजी कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं लगाई गई है। पूरी



कमान प्रशासन, शिक्षा विभाग और पुलिस के हाथों में है।

बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों की सहूलियत के लिए अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। दो हेल्प डेस्क बनाई गई हैं। नए भवन के वेटिंग रूम और सिविल लाइंस साइड दोनों तरफ आरपीएफ और जीआरपी के जवान अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त गुलजार सिंह, जीआरपी प्रभारी गौरव वर्मा और आरपीएफ प्रभारी अजीत तिवारी के नेतृत्व में संयुक्त टीमों ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया। संदिग्धों के बैग खोलकर जांच की गई। नीट अभ्यर्थियों के सफर को आसान बनाने के लिए रोडवेज प्रशासन ने भी बड़ी राहत दी है। रोडवेज के आरएम के मुताबिक, परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को बस किराए में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अभ्यर्थियों को इसके लिए अपने प्रवेश पत्र की एक फोटोकॉपी बस परिचालक को सौंपनी होगी। यह रियायती व्यवस्था 21 जून की रात तक ही प्रभावी रहेगी। परीक्षा प्रभारी और केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य खुशीराम ने बताया कि सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से प्रवेश प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है और सुरक्षा बल मुस्तैद रहे।

# मोटर साइकिल बचाने में खंभे से टकराई कार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी क्षेत्र के टीचिंग स्टाफ चौराहे के पास रविवार सुबह एक कार बाइक सवार को बचाने के प्रयास में खंभे से टकरा गई। इस घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि परिवार सुरक्षित रहा। मिली जानकारी के अनुसार अलीगढ़ निवासी एक परिवार शादी समारोह से लौट रहा था। अमुवि के डग पॉइंट से वाबे सैयद गेट की ओर आते हुए, टीचिंग स्टाफ चौराहे के पास अचानक एक मोटर साइकिल सवार सामने आ गया। बाइक को बचाने के प्रयास में चालक ने तेजी से वाहन मोड़ा, जिससे कार अनियंत्रित हो गई। कार सड़क किनारे लगे एक लोहे के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। खंभे पर लगा सीसीटीवी कैमरा और उसका इलेक्ट्रॉनिक बॉक्स भी टूट गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित हुआ। सूचना मिलने पर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कार सवारों से घटना के संबंध में जानकारी ली।



# किसान आयोग का गठन बेहद जरूरी पवन तेवतिया प्रदेश अध्यक्ष भाकियू संपूर्ण भारत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन संपूर्ण भारत ने एक बार फिर किसान आयोग के गठन की मांग उठाई है। संगठन का कहना है कि किसानों की आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का स्थायी समाधान तभी संभव है जब सरकार किसान आयोग का गठन करे।

भारतीय किसान यूनियन संपूर्ण भारत के प्रदेश अध्यक्ष पवन तेवतिया ने कहा कि देश का किसान आज भी फसल के उचित दाम, बढ़ती लागत, सिंचाई, बिजली और कर्ज जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को समझने और उनका प्रभावी समाधान निकालने के लिए एक स्वतंत्र किसान आयोग का गठन किया जाना बेहद जरूरी है। पवन तेवतिया ने कहा कि किसान आयोग किसानों की समस्याओं का अध्ययन कर सरकार को सुझाव देगा, जिससे कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने सरकार से किसानों के हित में जल्द से जल्द किसान आयोग का गठन करने की मांग की।

"किसान आयोग का गठन जरूरी है। तभी किसानों की समस्याओं का सही समाधान हो सकता है। सरकार को किसानों की आवाज सुनते हुए जल्द किसान आयोग का गठन करना चाहिए।": फिलहाल किसान संगठनों की यह मांग किसानों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। अब देखना होगा कि सरकार इस मांग पर क्या कदम उठाती है।






## 12वॉ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस — योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगाभ्यास कराया गया

# योग दिवस की मुख्य थीम स्वस्थ आयु के लिए योग हैं: दिनेश खटीक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मोदीनगर रोड स्थित ब्रह्मा देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रूप में प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक शामिल हुए।

### उत्कर्ष योग करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

रविवार को ब्रहमादेवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में योग कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से शुरू हुआ। जिसका शुभारंभ जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने दीप प्रज्ज्वलित कर दिया। योगाभ्यास कार्यक्रम जिलाधिकारी कविता मीना,पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह,जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट,पुलिसकर्मी और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षकों द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास कराया गया।









राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से विश्व स्तर पर पहचान मिली। योग केवल व्यायाम नहीं,बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोडने का विज्ञान है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि स्वस्थ भारत-विकसित भारत के निर्माण के लिए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। नियमित योग से तनाव दूर होता है,और कार्यक्षमता बढ़ती है। राज्य सरकार द्वारा स्कूलों में योग शिक्षा, हर ग्राम पंचायत में योग वेलनेस सेंटर और योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी कविता मीना ने मुख्य अतिथि एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में मिशन मोड में योग को बढ़ावा दिया जाएगा। आयुष विभाग द्वारा नियमित योग शिविर लगाए जाएंगे। योग कार्यक्रम में उत्कर्ष योग करने वाले छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा सचिव,जिला नॉडल अधिकारी अमृत त्रिपाठी,भाजपा क्षेत्रीय महासचिव डा.विकास अग्रवाल, भाजपा नेता संजय कृपाल,कालेज प्रबंधक स्वाति गर्ग,जिला महामंत्री कपिल एसएम,जिला उपाध्यक्ष पुनीत गोयल,सांसद प्रतिनिधि अशोक बबली,जिलामंत्री हितेश मोदी,पीडी अनवर शेख,बीएसए दीपा भाटी,सीवीओ डा.ओम प्रकाश मिश्रा,जिला पूर्ति अधिकारी सीमा बालियान,जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता मण्डार,पीडब्लूडी अधिशासी अभियंता शैलेन्द्र सिंह,जिला समाज कल्याण अधिकारी दिग्विजिय सिंह,पूर्व जिला महामंत्री मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

# करो योग,रहो निरोग: जिला पंचायत चेयरमैन

- 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में जिले में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित
- जि.पं.चेयरमैन ने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया
- नियमित योगाभ्यास से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है:अवनीश त्यागी
- प्रधानमंत्री के सतत प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली : मनोज वाल्मीकि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** रविवार को को 12 वें अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर जिले में विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों ने प्रतिदिन योग करने व अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।









12 वें अंतर्राट्रीय योग दिवस पर गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के तेग सिंह फार्म हाउस में आयोजित योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर ने प्रतिभाग किया। उन्होंने विभिन्न योग करने के बाद कहा कि स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए। इस अवसर पर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया।

हापुड़ में फ्री गंज रोड स्थित रेलवे पार्क में भाजपा के उत्तरी मंडल में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज योग वैश्विक जन आंदोलन बन चुका है। इस अवसर पर सदर विधायक विजयपाल आढ़ती,सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष उत्तरी प्रशांत त्यागी, विजय सर्राफ, बबलू त्यागी, अलका निम, डा.पायल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

रविवार को 12 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला पंचायत कार्यालय प्रांगण में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें प्रतिभाग करते हुए चेयरमैन रेखा नागर,एएमए शिशुपाल शर्मा, जिला पंचायत सदस्य सतीश प्रमुख, प्रशासनिक अधिकारी देवी सहाय, अभियंता रविन्द्र यादव, हर्षवर्धन, विशाल कुमार,प्रवेश कुमार आदि ने योगाभ्यास किया। साथ ही टीवी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिभाषण देखा व सुना।

धौलाना ब्लाक क्षेत्र के गांव दहाना स्थित राणा फार्म हाउस में योभाभ्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि व हापुड़ देहात भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र रणावत सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व ग्रामीणों ने प्रतिभाग करते हुए विभिन्न योगाभ्यास किये। मुख्य अतिथि मनोज वाल्मीकि ने कहा कि सभी को निरोगी व स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सतत प्रयासों एवं प्रेरणा से योग को वैश्विक पहचान मिली।

# सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने उत्साहपूर्वक मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026, दिया समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग (SCON) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 का आयोजन कॉलेज परिसर स्थित एससीओएन ग्राउंड में अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण के साथ किया गया। इस वर्ष की वैश्विक थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य (Yoga for One Earth, One Health)" के अनुरूप

**थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य"**

आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने सहभागिता कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में किया गया। प्रातः 9:00 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें प्रो. (डॉ.) आर. मनोहारी, प्राचार्या, प्रो. केतन शर्मा, उप-प्राचार्य, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वागत उद्बोधन से हुई।

अपने संबोधन में प्राचार्या प्रो. (डॉ.) आर. मनोहारी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक एवं अनुशासित पद्धति है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते तनाव, मानसिक दबाव एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बीच योग एक प्रभावी समाधान के रूप में उभरकर सामने आया है। योग व्यक्ति को शारीरिक रूप से सशक्त, मानसिक रूप से शांत, भावनात्मक रूप से संतुलित तथा आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग करने तथा इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात योग सत्र का संचालन वैभव, सहायक प्राध्यापक (एमएसएन विभाग) एवं घनश्याम, सहायक प्राध्यापक (सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग) द्वारा किया गया। दोनों प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, सूर्य नमस्कार, ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने प्रत्येक योगासन की सही विधि तथा उससे होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, त्रिकोणासन सहित कई महत्वपूर्ण योगासनों का अभ्यास किया।

विशेष रूप से आयोजित प्राणायाम सत्र कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी जैसे श्वास अभ्यास कराए गए। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित प्राणायाम से फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है, मानसिक तनाव कम होता है, एकाग्रता में वृद्धि होती है तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पूरे मनोयोग और उत्साह के साथ योगाभ्यास में भाग लिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने निर्धारित ड्रेस कोड सफेद टी-शर्ट एवं काले ट्राउजर में भाग लेकर अनुशासन एवं एकता का परिचय दिया। सभी प्रतिभागी अपने साथ योगा मैट लेकर आए और पूरे सत्र के दौरान सक्रिय रूप से जुड़े रहे। योगाभ्यास के दौरान परिसर में सकारात्मक ऊर्जा, उत्साह, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामूहिक सहभागिता का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामूहिकता एवं अनुशासन की भावना को भी मजबूत किया।

इस अवसर पर डॉ. जे. रामचन्द्रन, संस्थापक एवं चेयरमैन, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है, जिसे आज संपूर्ण विश्व ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर व्यक्ति को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

रम्या रामचन्द्रन, वाइस चेयरपर्सन, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, ने भी सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए कॉलेज प्रशासन एवं आयोजन समिति की प्रशंसा की तथा कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

एन. वर्धराजन, जनरल मैनेजर, ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि योग केवल स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने का सशक्त साधन है।

रघुवर दत्त, निदेशक प्रशासन, ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ एवं उत्पादक जीवन की आधारशिला है तथा प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपने दैनिक जीवन में शामिल करना चाहिए।

मेजर जनरल (डॉ.) चरणजीत सिंह अहलूवालिया, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, ने योग को निवारक स्वास्थ्य देखभाल का प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास अनेक जीवनशैली संबंधी रोगों की रोकथाम में सहायक है तथा यह मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है।







कार्यक्रम ने इस वर्ष की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य" के संदेश को प्रभावी रूप से प्रसारित किया। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संतुलन एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं तथा योग हमें स्वयं के साथ-साथ प्रकृति के प्रति भी जिम्मेदार बनाता है। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को स्वास्थ्य, अनुशासन, सकारात्मकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया।

सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम संस्थान की उस सोच को भी दर्शाता है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता एवं मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना संस्थान की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य के तहत समय-समय पर विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं एवं जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रबंधन, प्राचार्या, उप-प्राचार्य, संकाय सदस्यों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, सांस्कृतिक समिति तथा सभी विद्यार्थियों के सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया गया। सभी के सामूहिक प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिली।

**आज का योग, कल का स्वस्थ जीवन और सदैव की समरसता**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 का यह आयोजन सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके अंतर्गत संस्था विद्यार्थियों को केवल गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा ही नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली, नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए भी निरंतर प्रेरित करती है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आरएसके इंटर कॉलेज में हुआ भव्य सामूहिक योगाभ्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को आरएसके इंटर कॉलेज, सिम्भावली में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित सैकड़ों योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के प्रति अपनी आस्था और जागरूकता का परिचय दिया।



कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य राजीव गोहित के निर्देशन में संपन्न हुआ। योग सत्र का संचालन योगाचार्या निकिता सिंह एवं योगाचार्य अमित कुमार ने किया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सभी को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम से प्रशांत यादव, परवीन कुमार एवं विपिन कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी डॉ. राजेंद्र सिंह औलख ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को निरोग, सकारात्मक और आत्मविश्वासी बनाती है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है।

कार्यक्रम में शिक्षक संजीव यादव, ऋषिपाल सिंह, अजीत सिंह, संदीप भारद्वाज, राजू कुमार, राजपाल सिंह एवं राजीव कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी प्रतिभागियों ने प्रतिदिन योग करने तथा योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# असाध्य रोगों से बचाव को अपनायें योग : मनोज सिसोदिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/पिलखुवा।** रविवार को पिलखुवा स्थित जीएस आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में 12वें योग दिवस के अवसर पर

## अतिथियों ने प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग द्वारा योग संगम का आयोजन किया गया। जिसमें 700 से अधिक छात्र छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने प्रतिभाग किया

कार्यक्रम में कालेज की प्राचार्या डॉ भावना सिंह ने कहा कि यदि हम योग को अपने दैनिक जीवन में अपना लें,तो स्वास्थ्य प्राप्ति तो होनी तय है,साथ ही साथ वृद्धावस्था जन्य समस्याओं से भी छुटकारा मिलेगा। इसलिए हमें जितना जल्दी हो सके योग को अपने जीवन का अंग बना लेना चाहिए। और स्वस्थ जीवन की ओर बढना चाहिए।





मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर मनोज सिसोदिया ने बताया कि जी एस विश्वविद्यालय स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर अपना योग दान दे रहा है। इसी दौरान यह ध्यान में आ रहा है कि पिलखुवा और आसपास के क्षेत्र में कैंसर जैसे अनेक असाध्य रोग तेजी से जड़ पकड़ रहे हैं इसलिए हमें आज ही अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए योग और आयुर्वेद वर्णित दिनचर्या इत्यादि का पालन करना चाहिए ताकि इन असाध्य रोगों से समय रहते बचाव हो सके। स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अतुल सारोक्ते इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की एवं उपस्थित अतिथियों ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर विजेताओं का उत्साह वर्धन किया। योगासन प्रतियोगिता में कु. निकिता, अभय सिंह एवं प्रियांक मित्तल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में विपुल प्रताप सिंह, कु. इशिका एवं कु.स्वाति तिवारी, कु. विधी, कु.दिपश्री ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग से डॉ घनश्याम वत्स ने किया। इस अवसर कॉलेज के प्रो. दिलीप कुमार,प्रो. शुभम गर्ग, प्रो.मनोज यादव, प्रो. सुनरिता तनेजा,डॉ भावना जोशी, डॉ अमृता,डॉ सुरेश यादव, डॉ मोहित, रामप्रताप यादव,योगाचार्य किशन, सामाजिक कार्यकर्ता गजेंद्र सिसोदिया, रामवीर सिंह, अनिल शर्मा, योगेश गोस्वामी, योगेंद्र राणा, मुकेश राणा,सुदीप तोमर आदि उपस्थित रहे।

**सम्पूर्ण समाधान दिवस** जनता की शिकायतों का अधिकारी प्राथमिकता से करें निस्तारण:डीएम

# डीएम,एसपी,एडीएम ने 21 फरियादियों को मौके पर दिलाया न्याय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़,धौलाना।** जनपद की तीनों तहसीलों में जिलाधिकारी कविता मीना के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया

- शिकायत का निस्तारण होने पर शिकायतकर्ता को अवगत करायेः कविता
- सम्पूर्ण समाधान दिवस की शासन स्तर से की जा रही है, समीक्षा

गया। जिसमें जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने शिकायतें सुनकर मौके पर 21 फरियादियों को न्याय दिलाया। शेष का शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारण कर शिकायतकर्ता को अवगत कराने के अधिकारियों को निर्देशित किया।





शासन के निर्देश पर प्रत्येक माह के प्रथम व तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक तहसील में किया जाता है। जिसमें अधिकारी जनता की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण करते है। हापुड़ में नगर पालिका परिषद सभागार कक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने मौके पर ही 4 लोगों को न्याय दिलाया। गढ़मुक्तेश्वर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने मौके पर 13 फरियादियों को न्याय दिलाया।

धौलाना तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम मनोज कुमार की अध्यक्षता में किया। उन्होंने मौके पर 4 लोगों का निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारी शिकायतें अवैध कब्जा हटवाने,सरकारी चकरोड़ से अवैध कब्जा हटवाने,रास्ता खुलवाने,सड़क निर्माण की जांच कराने, मुकदमा दर्ज कराने आदि की आई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 90 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से अधिकारियों ने 21 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर सीएमओ डा.किशोर कुमार आहुजा,पीडी अनवर शेख,सदर एडीएम इला प्रकाश,श्रीराम यादव,डीआईओएस डा.श्वेता पूठिया,बीएसए दीपा भाटी सहित सहित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# 12वॉ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: ब्रजघाट गंगा घाट पर सामूहिक योग कार्यक्रम भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** रविवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा ब्रजघाट गंगा घाट पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें में 38 यूपी, बी.एन. एनसीसी एवं नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर द्वारा सयुंक्त सहभागिता की। सामूहिक योग कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने नमामि गंगे अंकित सफेद टी-शर्ट एवं टोपी पहनकर प्राणायाम, ध्यान व विभिन्न योगासनों का सामूहिक अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक प्रदीप कुमार,योग प्रशिक्षका हंसिका एवं योग प्रशिक्षक तनिश चौधरी और नितिन द्वारा बृजघाट, घाट गंगा पर योग का अभ्यास कराया गया। योग के अभ्यास के साथ-साथ योग से होने वाले फायदें की भी जानकारी दी






## पर्यावरणविद ने मां गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल रखने की शपथ दिलाई

गई। योगाभ्यास के पश्चात पर्यावरणविद भारत भूषण गर्ग द्वारा सभी को मां गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल रखने की शपथ दिलाई गई। योगाभ्यास में उपस्थित लगभग 250 योगाभ्यर्थियों ने गंगा में गंदगी न डालने,प्लास्टिक का उपयोग न करने एवं गंगा स्वच्छता हेतु जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के माध्यम से योग से निरोग तथा स्वस्थ भारत,स्वच्छ गंगा का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर ब्रिगेडियर अजीत सिंह (आर्मी), प्रभागीय वनाधिकारी हापुड़ गौतम सिंह,क्षेत्रीय वन अधिकारी करन सिंह,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर पवित्रा त्रिपाठी,जिला गंगा समिति के नामित सदस्य भारत भूषण गर्ग, 38 यूपी बी.एन. एनसीसी के कैडेट्स,वन विभाग का समस्त स्टाफ एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

2024 में देश में कुल जितनी मौतें हुईं, उनमें से 45.5 प्रतिशत लोग बिना किसी इलाज के काल-कवलित हुए। गांवों में ये आंकड़ा 48.9 फीसदी रहा। ये आंकड़े बदतर होते हालात की झलक देते हैं।


चौंकाने वाला यह आंकड़ा संकेत है कि किस तरह आम लोग बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित होते जा रहे हैं। इसके मुताबिक 2024 में देश में कुल जितनी मौतें हुईं, उनमें से 45.5 प्रतिशत लोग बिना किसी इलाज के काल- कवलित हुए। गांवों में ये आंकड़ा 48.9 फीसदी रहा। सरकार की सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) सांख्यिकी रिपोर्ट में शामिल ये आंकेड़े बदतर होते हालात की झलक देते हैं। गौरतलब है कि 2020 में इलाज से वंचित रहते हुए मरे लोगों की संख्या 18 प्रतिशत थी। एसआरएस रिपोर्ट में उन व्यक्तियों की मौत को बिना इलाज की श्रेणी में रखा जाता है, जो मृत्यु के समय प्रशिक्षित चिकित्साकर्मी की देखभाल में नहीं थे।

ऐसी मौतों की संख्या में तेज वृद्धि को लेकर विशेषज्ञ भी भौंचक हैं। उनके मुताबिक कारण स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव, इलाज का महंगा हो जाना या फिर आंकड़ा जुटाने की विसर्गतियां हो सकती हैं। मगर विसंगतियों की बात एक दूसरे आंकड़े से कमजोर नजर आने लगती है। इसके मुताबिक 2024 में कुल मौतों के बीच सरकारी और प्राइवेट दोनों तरह के अस्पतालों में हुई मौत का जो अनुपात रहा, वह 2014 की संख्या के आसपास ही है। मतलब यह कि इस दौर में अस्पताल सेवाओं का ऐसा विस्तार नहीं हुआ, जो आम जन को सुलभ हो। अब जरूरत इस बात की है कि एसआरएस सांख्यिकी रिपोर्ट से मिले संकेतों की अधिक गहराई से पड़ताल की जाए। मगर मौजूदा सरकार का जो नजरिया है, उसके बीच ऐसा होने की उम्मीद कम ही है। संभवतः अप्रिय तथ्यों से बचने के प्रयास का ही यह उदाहरण है कि नेशनल फैमिली एंड हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस)-6 की जारी रिपोर्ट में रक्तक्षीणता (एनिमिया), पांच वर्ष से कम उम्र में होने वाली मौतों, शौचालय और स्वच्छ रसोई गैस की उपलब्धता आदि से संबंधित आंकड़े नहीं दिए गए हैं। एनएचएफएस-5 से सामने आया था कि 15-49 वर्ष उम्र वर्ग में 57 फीसदी महिलाएं एनिमिया ग्रस्त हैं। ये स्थितियां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और आम पालन-पोषण बढ़ी गैर-बराबरी और बड़ी संख्या लोगों के वंचित होते जाने का संकेत हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि ये हकीकतें आम बहस से दूर बनी रहती हैं।

## आज का विचार

सादगी में सुंदरता है,
और विनम्रता में महानता।

# महिला:व्यक्तित्व या बाजार की वस्तु?



डॉ. विजय गर्ग

मानव सभ्यता के विकास में महिला की भूमिका सदैव केंद्रीय रही है। वह केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति, शिक्षा, राजनीति और अर्थव्यवस्था की भी महत्वपूर्ण वाहक रही है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता" जैसी उक्ति इस बात का प्रमाण है कि हमारे समाज ने नारी को सम्मान का उच्च स्थान दिया है। लेकिन आधुनिक उपभोक्तावादी और बाजारवादी युग में यह प्रश्न गंभीरता से उठने लगा है कि क्या महिला आज भी एक स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में देखी जाती है या फिर उसे बाजार की वस्तु बनाकर प्रस्तुत किया जा रहा है?

यह प्रश्न केवल महिलाओं की गरिमा से जुड़ा नहीं है, बल्कि समाज के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों से भी संबंधित है। वैश्वीकरण, तकनीकी विकास और मीडिया विस्तार के इस दौर में महिला की छवि लगातार बदल रही है। एक ओर महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल और व्यवसाय में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं, वहीं दूसरी ओर बाजार उनकी पहचान को अपने व्यावसायिक हितों के अनुसार गढ़ने का प्रयास कर रहा है।

### बाजारवाद और महिला की बदलती छवि

बाजारवाद का मूल उद्देश्य लाभ कमाना है। इस व्यवस्था में हर वस्तु, विचार और व्यक्ति को उपभोक्ता दृष्टि से देखा जाता है। जब लाभ सर्वोपरि हो जाता है, तब मानवीय संवेदनाएं और नैतिक मूल्य पीछे छूटने लगते हैं।

आज विज्ञापन उद्योग, मनोरंजन जगत, फैशन उद्योग और सोशल मीडिया में महिला की उपस्थिति अत्यधिक बढ़ गई है। यह बढ़ती उपस्थिति अपने आप में समस्या नहीं है, बल्कि समस्या तब उत्पन्न होती है जब महिला की पहचान को केवल उसकी शारीरिक सुंदरता और आकर्षण तक सीमित कर दिया जाता है।

कार, मोबाइल फोन, कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन, घर, होटल और यहां तक कि ऐसे उत्पाद जिनका महिलाओं से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता, उनके प्रचार में भी महिला की छवि का उपयोग किया जाता है। इससे यह संदेश जाता है कि महिला एक व्यक्ति नहीं, बल्कि उत्पाद बेचने का माध्यम है।

### विज्ञापनों में महिला का वस्तुकरण

विज्ञापन आधुनिक समाज के सबसे प्रभावशाली माध्यमों में से एक हैं। वे केवल उत्पाद नहीं बेचते, बल्कि जीवनशैली और सोच भी निर्मित करते हैं।

कई विज्ञापनों में महिला को इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है कि उसकी बुद्धिमत्ता, क्षमता और व्यक्तित्व गौण हो जाते हैं तथा केवल उसकी बाहरी सुंदरता को महत्व दिया जाता है। इस प्रकार की प्रस्तुति महिला को एक उपभोग की वस्तु के रूप में स्थापित करती है।

विज्ञापन जगत यह तर्क देता है कि वह केवल उपभोक्ताओं की पसंद के अनुसार सामग्री प्रस्तुत करता है, लेकिन यह भी सत्य है कि वही उद्योग लोगों की पसंद और मानसिकता को आकार देने का काम भी करता है। जब लगातार महिला को आकर्षण के प्रतीक के रूप में दिखाया जाता है, तो समाज में उसके प्रति दृष्टिकोण भी प्रभावित होता है।

### मनोरंजन उद्योग की भूमिका

फिल्में, धारावाहिक, वेब सीरीज और संगीत वीडियो समाज का दर्पण माने जाते हैं, लेकिन कई बार वे समाज को दिशा भी देते हैं।

वर्षों तक फिल्मों में महिला पात्रों को केवल नायक की प्रेमिका, पत्नी या आकर्षण का केंद्र बनाकर प्रस्तुत किया जाता रहा। हालांकि अब स्थिति में सुधार हो रहा है और महिला-केंद्रित फिल्मों की संख्या बढ़ी है, फिर भी व्यावसायिक सफलता की होड़ में कई बार महिलाओं को ऐसे रूप में प्रस्तुत किया जाता है जो उनकी वास्तविक पहचान और क्षमताओं को कमतर कर देता है।

जब मनोरंजन उद्योग महिला को केवल सौंदर्य और ग्लैमर के प्रतीक के रूप में दिखाता है, तो यह युवाओं के मन में भी उसी प्रकार की सोच विकसित करता है।

### सोशल मीडिया और डिजिटल युग की चुनौतियां

डिजिटल क्रांति ने महिलाओं को अभिव्यक्ति का नया मंच दिया है। आज महिलाएं अपने विचारों, प्रतिभाओं और उपलब्धियों को दुनिया के सामने प्रस्तुत कर सकती हैं। लेकिन इसके साथ नई चुनौतियां भी सामने आई हैं।

सोशल मीडिया पर लोकप्रियता अक्सर रूप-रंग और आकर्षक प्रस्तुति से जुड़ जाती है। लाइक, फॉलोअर और व्यूज की संस्कृति ने एक ऐसा वातावरण बना दिया है जिसमें कई बार महिला की पहचान उसकी वास्तविक उपलब्धियों की बजाय उसकी डिजिटल छवि से तय की जाती है।

फिल्टर और संपादित तस्वीरों के दौर में सुंदरता के अवास्तविक मानदंड स्थापित हो गए हैं। इसका प्रभाव विशेष रूप से किशोरियों और युवा महिलाओं पर पड़ता है, जो स्वयं की तुलना कृत्रिम छवियों से करने लगती हैं। परिणामस्वरूप आत्मविश्वास की कमी, तनाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

### सौंदर्य उद्योग और असुरक्षा का व्यापार

सौंदर्य उद्योग दुनिया के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है। यह उद्योग महिलाओं को यह विश्वास दिलाने का प्रयास करता है कि सुंदरता सफलता और स्वीकृति की कुंजी है। गोरी त्वचा, पतला शरीर, युवा दिखना और एक विशेष प्रकार की शारीरिक बनावट को आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। इससे महिलाओं में यह भावना उत्पन्न हो सकती है कि यदि वे इन मानकों पर खरी नहीं उतरतीं तो वे कम मूल्यवान हैं।

वास्तव में सुंदरता का कोई एक मानक नहीं होता। प्रत्येक व्यक्ति अपनी विशिष्टता और गुणों के कारण महत्वपूर्ण है। लेकिन बाजार अक्सर इस सच्चाई को पीछे छोड़कर असुरक्षाओं का व्यापार करता है।

### क्या बाजार महिलाओं को अवसर भी देता है?

यह भी स्वीकार करना होगा कि बाजारवाद का प्रभाव पूरी तरह नकारात्मक नहीं है। आधुनिक अर्थव्यवस्था ने महिलाओं के लिए रोजगार, उद्यमिता और आर्थिक स्वतंत्रता के अनेक अवसर पैदा किए हैं।

आज महिलाएं बड़ी कंपनियों का नेतृत्व कर रही हैं, स्टार्टअप स्थापित कर रही हैं, विज्ञान और तकनीक में योगदान दे रही हैं तथा वैश्विक मंचों पर अपनी पहचान बना रही हैं। आर्थिक आत्मनिर्भरता ने महिलाओं को निर्णय लेने की शक्ति और आत्मविश्वास प्रदान किया है।

समस्या अवसरों में नहीं, बल्कि उस मानसिकता में है जो महिला की योग्यता की अपेक्षा उसकी बाहरी छवि को अधिक महत्व देती है।

### समाज पर प्रभाव

महिला का वस्तुकरण केवल महिलाओं को प्रभावित नहीं करता, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। जब किसी वर्ग को व्यक्ति के बजाय वस्तु के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, तो उसके प्रति सम्मान और संवेदनशीलता कम हो सकती है।

यह प्रवृत्ति लैंगिक असमानता, भेदभाव और महिलाओं के प्रति अनुचित व्यवहार को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा दे सकती है। इसलिए यह केवल महिला अधिकारों का मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और मानव गरिमा का प्रश्न है।

### शिक्षा और जागरूकता की आवश्यकता

इस समस्या का सबसे प्रभावी समाधान शिक्षा और जागरूकता है। बच्चों को बचपन से ही यह सिखाया जाना चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान उसके व्यक्तित्व, विचारों और कार्यों के आधार पर किया जाना चाहिए, न कि केवल उसके रूप-रंग के आधार पर।

मीडिया साक्षरता भी आवश्यक है ताकि लोग विज्ञापनों और डिजिटल सामग्री के पीछे छिपे व्यावसायिक उद्देश्यों को समझ सकें। जागरूक समाज ही बाजारवाद के नकारात्मक प्रभावों का सामना कर सकता है।

## झूठ की डोली...!

झूठ की डोली सजाकर "सत्य" को दूर छिपाया था,
नाम बदलकर रिश्तों का एक नया खेल रचाया था।
रिया बनकर आई घर में, यास्मीन का हुआ है राज,
भोले मन के सपनों पर, चल गया छल का समाज।

यहाँ सात फेरे, सात वचन थे, विश्वासों की थी डोर,
तीन दिनों में टूट गया सभी, बिखरे सपनों के छोर।
वो एक लाख की कीमत लेकर, दलाल बने थे यार,
यूं रिश्तों का सौदा कर डाला शर्मसार हुआ संसार।

जब तक पहचान की परत खुली सच आया सामने,
नकली चेहरे हार गए फिर, न्याय खड़ा हाथ थामने।
धन, गहने और झूठे सपने कब तक साथ निभाते हैं,
सच की किरणें आखिर आकर अंधियारा मिटाते हैं।

सीख यही है जीवन की हर रिश्ता सच्चाई से जोड़ो,
धर्म नहीं, इंसानियत देखें पर विश्वास कभी न तोड़ो।
छल-कपट की राह पकड़कर, कोई जीत न पाता है,
झूठ की डोली आखिर में न्याय "द्वार" तक जाता है।
(संदर्भ - रामपुर, शादी के तीन दिन बाद रिया गुप्ता निकली यास्मीन)



संजय एम तराणेकर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# प्रकृति के पुनर्जन्म का भारत मॉडल: एक नई सभ्यता की शुरूआत



प्रो. आरके जैन अरिजीत

सभ्यताओं का भविष्य केवल संसदों में नहीं, खेतों की मिट्टी, जंगलों की हरियाली और जलस्त्रोतों की जीवनधारा में भी लिखा जाता है। ऐसे समय में जब दुनिया भूमि क्षरण, सूखे और मरुस्थलीकरण की गंभीर चुनौती से जूझ रही है, भारत ने आशा और संकल्प का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। वर्ष 2011 से 2020 के बीच देश ने 21.76 मिलियन हेक्टेयर क्षतिग्रस्त भूमि को पुनर्जीवित किया है, जो ह्यबॉन चैलेंजह्व के 26 मिलियन हेक्टेयर लक्ष्य का लगभग 84 प्रतिशत है। यह केवल भूमि बहाली का आंकड़ा नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय दृष्टि का प्रमाण है जिसने विकास और प्रकृति को विरोधी नहीं, बल्कि सहयात्री माना। भारत ने दुनिया को दिखा दिया है कि जलवायु नेतृत्व संपन्नता से नहीं, बल्कि दूरदृष्टि, प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों से हासिल होता है।संकल्प और संवेदनशीलता के साथ यह यात्रा वर्ष 2015 में शुरू हुई, जब भारत ने बॉन चैलेंज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। प्रारंभ में लक्ष्य 2020 तक 13 मिलियन हेक्टेयर और 2030 तक अतिरिक्त 8 मिलियन हेक्टेयर भूमि बहाली का था, जिसे बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में यूएनसीसीडी के 14वें पक्षकार सम्मेलन के दौरान बढ़ाकर 26 मिलियन हेक्टेयर कर दिया गया। 17 जून 2026 को विश्व मरुस्थलीकरण विरोधी दिवस पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा जारी दूसरी प्रगति रिपोर्ट ने इस प्रगति को वैश्विक मंच पर रखा। रिपोर्ट में तेलंगाना को सर्वाधिक भूमि पुनर्स्थापन करने वाला राज्य बताया गया, जबकि आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और ओडिशा का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। इन राज्यों ने वनरोपण, जल संरक्षण, एग्रोफॉरेस्ट्री और प्राकृतिक पुनरुत्थान से अनुपयोगी भूमि को फिर से जीवन दिया।

किसी भी पर्यावरणीय कार्यक्रम की सफलता तभी है जब उसका असर सीधे जनजीवन तक पहुंचे। भारत की भूमि बहाली यात्रा की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि उसने हरियाली के साथ आजीविका भी पैदा की। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 1.22 अरब व्यक्ति-दिवस रोजगार सृजित हुए। ग्रामीण युवा, महिलाएं और सीमांत किसान इसके प्रमुख लाभार्थी बने। जहां कभी बंजर भूमि बेरोजगारी, पलायन और निराशा का प्रतीक थी, वहां आज हरे खेत, फलदार बाग और पशुधन के लिए चारा दिखाई देता है। इस पहल ने मिट्टी को उपजाऊ बनाया, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति दी, गरीबी घटाई और गांवों को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया। यह सामाजिक न्याय और आर्थिक समावेशन का ऐसा मॉडल है, जिसकी प्रासंगिकता लंबे समय तक रहेगी।

## सोमवार का राशिफल

मेष: कुछ ऐसा कार्य करना पड़ेगा जिसकी करने की इच्छा नहीं थी, रिश्ते हो या व्यवसाय थोड़ा समझौता करना पड़ेगा, टेंशन ना ले। भाग्य प्रतिशत-52

वृषभ: किसी से व्यर्थ बहस बहस में फंस सकते है, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी कार्य अच्छा चलेगा, दुकान चलानी है तो वाणी में मधुरता रखे। भाग्य प्रतिशत-54

मिथुन: बड़बोलेपन से नुकसान हो सकता है, विद्वान की विद्वता को ना नापे, शत्रु कार्य बनने नहीं देंगे, जिससे क्रोध बनेगा। भाग्य प्रतिशत-49

कर्क: किसी बात के पूरे ना होने पर मायूसी रहेगी, आपको जिद्दी स्वभाव भी बदलना होगा, ससुराल पक्ष में थोड़ा दबाव अनुभव होगा। भाग्य प्रतिशत- 49

सिंह: हवाई यात्रा का योग है, बाहर जाए घर पर कुछ परेशानी आ सकती है, अस्पताल में खर्चा, तथा रोग से परेशानी भी बढ सकती है। भाग्य प्रतिशत-52

कन्या: परिवार के मामले में समय देंगे, कहीं प्रेजेंटेशन दे सकते है, सुरक्षा कारण से आर्म्स का लाइसेंस लेने की भी योजना रहेगी। भाग्य प्रतिशत-74

तुला: मौज मस्ती में समय रहेगा लेकिन रिस्क कार्य में लगी रकम को लेकर चिंता सम्भव है, परिवार में कोई बात कलह तक पहुंच जाएगी। भाग्य प्रतिशत-53

वृश्चिक: सेहत से जुड़ी सेवा पर व्यय बढ़ेगा, कुछ निर्देश मानने होंगे, केस करने पर विचार कर सकते है। घरेलू हिंसा के विरुद्ध सर उठाएंगे। भाग्य प्रतिशत-56

धनु: नौकरी में परिश्रम का सम्मान मिलेगा, धन बढ़ेगा, प्रोमोशन के लिए नाम आगे आ सकता है, हालाँकि घरेलू कार्य बढ़ जाएगा, जिम्मेदारी निभानी होगी। भाग्य प्रतिशत-75

मकर: तनाव बढ़ेगा, मन कार्य में मुश्किल से लगेगा, किराए के ऑफिस, व्यवसाय की जगह या घर को बदलना पड़ सकता है, एक बात की सोच चलती रहेगी। भाग्य प्रतिशत- 49


कुंभ: काम पर हावी रहेंगे,उच्चाधिकारियों से मुलाकात करेंगे, किसी बात का फेवर ले सकते है, सौदेबाजी से पैसा कमा लेंगे। भाग्य प्रतिशत- 74

मीन: बाहर सेटल होने की इच्छा प्रबल होगी, पैसे को लगा सकते है, कोई धर्मशाला, अस्पताल संस्था को बनाने का कार्य मन में आयेगा। भाग्य प्रतिशत-66



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# बिखरता विपक्ष,बौना होता कानून और संकट में लोकतंत्र



अशोक भाटिया

भारतीय लोकतंत्र का ताना-बाना एक मजबूत सत्तापक्ष और एक सजग विपक्ष के बीच संतुलन पर टिका हुआ है। सत्ता की निरंकुशता पर लगाम कसने और जनसरोकारों को संसद की दहलीज तक पहुँचाने की जिम्मेदारी विपक्ष की होती है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में देश के राजनीतिक परिदृश्य ने एक ऐसा मोड़ ले लिया है, जिसने इस संतुलन को हिलाकर रख दिया है। एक के बाद एक राज्यों में विपक्षी दलों का टूटना, विधायकों का थोक के भाव पाला बदलना और स्थापित क्षेत्रीय दलों का ताश के पत्तों की तरह बिखर जाना अब एक आम परिपाटी बन चुका है। ऐसे में यह सवाल मौजूं हो जाता है कि आखिर यह सिलसिला कब तक चलेगा? और क्या हमारी लोकतांत्रिक संस्थाएँ और कानून इस राजनीतिक अवसरवाद को रोकने में पूरी तरह अक्षम साबित हो चुके हैं?

एक दौर था जब राजनीति वैचारिक प्रतिबद्धताओं से संचालित होती थी। मतभेद नीतियों पर होते थे, लेकिन दल के प्रति निष्ठा बनी रहती थी। आज की राजनीति पूरी तरह से 'सत्ता-केंद्रित' और 'अस्तित्व रक्षा' के इर्द-गिर्द सिमट गई है। विपक्ष में बैठकर लंबा संघर्ष करने, जनता के बीच जाने और लाठियां खाने का माद्दा अब कम ही नेताओं में बचा है। चुनाव हारते ही या सत्ता से बाहर होते ही नेताओं में छटपटाहट शुरू हो जाती है। विचारधारा की जगह अब शुद्ध राजनीतिक अवसरवाद ने ले ली है।

इस अवसरवाद को हवा देने का काम संविधान की दसवीं अनुसूची यानी दलबदल विरोधी कानून की कमियाँ कर रही हैं। 1985 में जब यह कानून लाया गया था, तब इसका मकसद 'आया राम, गया राम' की संस्कृति पर लगाम लगाना था। लेकिन समय के साथ नेताओं ने इसकी काट ढूंढ निकाली। कानून कहता है कि यदि किसी दल के दो-तिहाई (2/3) विधायक या सांसद एक साथ अलग गुट बनाते हैं, तो उनकी सदस्यता रद्द नहीं होगी। नतीजा यह हुआ कि अब 'खुदरा' दलबदल बंद हो गया है और उसकी जगह 'थोक' में पूरी की पूरी पार्टी को तोड़ने का खेल शुरू हो गया है। कानून जो सुरक्षा कवच बगावत को रोकने के लिए दे रहा था, वही अब बगावत को कानूनी जामा पहनाने का सबसे बड़ा औजार बन चुका है।

पिछले कुछ सालों में विभिन्न राज्यों में सत्ता परिवर्तन और पार्टियों के विभाजन के जो मॉडल सामने आए हैं, वे चिंताजनक हैं। महाराष्ट्र इसका सबसे बड़ा जीवंत उदाहरण बना, जहाँ जून 2022 में शिवसेना के भीतर ऐसा विभाजन हुआ कि दो-तिहाई से अधिक विधायक अलग हो गए और तत्कालीन महा विकास अघाड़ी सरकार गिर गई। इसके बाद देश ने देखा कि कैसे देश के सबसे पुराने क्षेत्रीय दलों में से एक की कमान और चुनाव चिह्न तक बदल गया। इसके ठीक एक साल बाद, जुलाई 2023 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) में भी यही कहानी दोहराई गई। महाराष्ट्र की राजनीति में हाल ही में एक नया सियासी तूफान खड़ा हो गया। अभी कल ही उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (UBT) के 6 लोकसभा सांसदों के एक अलग गुट बनाने और लोकसभा अध्यक्ष से मान्यता मांगने की अटकलों से राज्य में खलबली मच गई है। 5 मई 2026 को पश्चिम बंगाल चुनाव के नतीजे आने से पहले किसी ने सपने में भी किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि महीने-डेढ़ महीने में तृणमूल कांग्रेस का बुरी तरह से विभाजन हो जायेगा। पश्चिम बंगाल की तेज तर्रार नेत्री और तब की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की छवि उस समय तक एक ऐसी नेत्री की थी जिसे मोदी के विकल्प के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन बंगाल की हार ने सब कुछ बदल दिया। अब वह नेता ही उनको आईना दिखा रहे हैं जो कल तक उनके नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कर रहे थे। इसी तरह से आम आदमी पार्टी के सात सांसद भी बिना किसी शोरगुल और सुगबुगाहट के बागी हो गये ओर भाजपा में चले गये। कुछ वर्ष पूर्व महाराष्ट्र ने शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस में भी टूट देखी थी, जब उनके ही भतीजे अजीत पवार ने बगावत करके अलग न केवल अपनी पार्टी बना ली बल्कि महाराष्ट्र में बीजेपी गठबंधन सरकार का हिस्सा भी बन गये। यह और बात है कि अजीत पवार अब इस दुनिया में नहीं है और उनकी पत्नी पार्टी की कमान संभाले हुए हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद वहां की राजनीति में भी बड़ा देखने को मिल रहा है। डीएमके और कांग्रेस का गठबंधन टूट गया है। बीजेपी की कट्टर विरोधी डीएमके अब मोदी के करीब नजर आ रहे हैं। इसी तरह से आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड भी मोदी सरकार का हिस्सा बनी हुई हैं। खास बात यह है कि जो भी पार्टियां टूटी हैं उसका अलग हुआ धड़ा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा बन कर या अलग रहते हुए भी मोदी के करीब आ गया।

अब ताजा चर्चा उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी में टूट को लेकर हो रही है। सपा टूटेगी इसकी उम्मीद न के बराबर है, लेकिन अन्य राजनैतिक दलों में जिस तरह से टूट देखने को मिली है उससे सपा में टूट की कुछ खबरों पर लोग विश्वास भी कर रहे हैं। इसकी सुगबुगाहट तब शुरू हुई जब सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने दावा किया कि सपा में टूट होने वाली है। राजनीति के कुछ जानकारों का कहना है कि राजनीति में "धुंआ तभी उठता है जब चिंगारी लगी हो" ।

वहीं दूसरी ओर, मध्य प्रदेश (2020) और कर्नाटक (2019) में एक अलग रणनीति देखने को मिली थी । यहाँ दलबदल कानून की पेचीदगियों से बचने के लिए विपक्षी विधायकों से सीधे 'इस्तीफे' दिलवाए गए। इस्तीफे देकर सदन की संख्या को कम किया गया, सरकारें गिराई गईं और बाद में उन्हीं विधायकों ने उपचुनाव लड़कर सत्ताधारी दल के टिकट पर वापसी की। बिहार में तो दलबदल और पाला बदलने की अनिश्चितता ने गठबंधन की विश्वसनीयता को ही दांव पर लगा दिया है। इन तमाम उदाहरणों से स्पष्ट है कि अब सरकारें गिराने और पार्टियां तोड़ने के लिए बाकायदा एक कानूनी और रणनीतिक 'ब्लूप्रिंट' तैयार कर लिया गया है। विपक्ष का लगातार यह आरोप रहा है कि सत्ताधारी दल द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ED), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल एक राजनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है। कड़े कानूनों (जैसे PMLA) के तहत जेल जाने और व्यापारिक साम्राज्य नष्ट होने के डर से कई नेता अपने राजनीतिक सिद्धांतों का सौदा करने को मजबूर हो जाते हैं। इसे राजनीति के गलियारों में 'वाशिंग मशीन मॉडल' कहा जाने लगा है, जहाँ सत्तापक्ष में शामिल होते ही नेताओं के पुराने मुकदमे ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। हालांकि, सारा दोष सत्तापक्ष या एजेंसियों पर मढ़कर विपक्षी दल अपनी कमजोरियों से आंखें नहीं मूंद सकते। सच यह भी है कि भारत के अधिकांश क्षेत्रीय दल घोर परिवारवाद और केंद्रीकरण के शिकार हैं। इन दलों में आंतरिक लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं बची है। जब तक कोई दल सत्ता में रहता है, तब तक असंतोष दबा रहता है। लेकिन सत्ता से बाहर होते ही और शीर्ष नेतृत्व के कमजोर पड़ते ही, जमीनी और महत्वाकांक्षी नेताओं का दम घुटने लगता है। जब पार्टी के भीतर संवाद के सारे रास्ते बंद हो जाते हैं, तो बगावत की जमीन स्वतः तैयार हो जाती है। इस पूरे खेल में सबसे बड़ा नुकसान देश के आम मतदाता और लोकतांत्रिक मूल्यों का हो रहा है। जनता चिलचिलाती धूप में कतारों में खड़ी होकर किसी एक दल या विचारधारा के पक्ष में मतदान करती है। लेकिन कुछ ही महीनों बाद उसके द्वारा चुना गया प्रतिनिधि विपक्षी बेंच से उठकर सत्तापक्ष की गोद में बैठ जाता है। यह जनादेश के साथ सबसे क्रूर भद्दा मजाक है। इससे मतदाताओं में राजनीतिक विरक्ति पैदा होती है और उनका लोकतांत्रिक प्रणाली से भरोसा उठने लगता है।

# आर्य समाज मंदिर मे योग अपनाने का लिया संकल्प

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को आर्य समाज मंदिर में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।
योग प्रशिक्षक रविंद्र उत्साही ने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण तनाव, अनिद्रा और विभिन्न रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में योग और प्राणायाम शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक शांति प्रदान करने का सबसे सरल उपाय हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराते हुए उनके लाभों की जानकारी दी।
कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वक्ताओं ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से रोग प्रतिरोधक



क्षमता बढ़ती है और व्यक्ति शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनता है।
कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बीना, प्रीति मित्तल, प्रीति गुप्ता, अंकित, राहुल, लोकेश गोयल, प्रमोद मित्तल, पिंकी गर्ग, मोनिका, रेखा अग्रवाल, बबीता गर्ग, गुंजन, निशा, गौरव शास्त्री और ज्ञानेंद्र शास्त्री सहित अनेक साधक उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया 12वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है: राजबाला देवी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को कार्यालय नगर पालिका परिषद शिकारपुर परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
योग दिवस पर साधकों ने अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि प्राणायाम किए। कार्यक्रम में योगाचार्य सचिन देव द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा योग के महत्व एवं उसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।
इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिकारपुर राजबाला देवी ने सभी नगरवासियों एवं उपस्थित प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष विकास गर्ग, क्राइम ब्रांच एसएचओ वीरेन्द्र कुमार सैनी, सभासद राजेन्द्र लोधी , गौतम सूर्यवंशी,सूर्यकान्त शर्मा, कपिल कुमार आर्य, सभासद पति रंजीत सैनी,टीकम सूर्यवंशी, स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेसडर वीरेन्द्र गर्ग, मुकेश गर्ग, पूर्व सभासद पवन कुमार, व सचिन गर्ग,संजय वर्मा,सोनू जैन जी,दिनेश सैनी,पंकज सिंघल, आसिफ,अमर सिंह सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया।





# बेकाबू ब्रेजा कार ने पेड़ के नीचे खड़े युवक को मारी टक्कर, उपचार के दौरान मौत,परिजनों मे मचा कोहराम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने पेड़ के नीचे खड़े 16 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी, घायल किशोर ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। यह हृदय विदारक सड़क हादसा दशार्ता है कि बेकाबू रफ्तार किस तरह से युवकों की जान ले सकती है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार मेरठ बदायूं हाईवे पर सलेमपुर थाना क्षेत्र के गांव कैलावन के पास दर्वेश पुत्र मनोज उम्र करीब 16 वर्ष निवासी सलेमपुर एक पेड़ के नीचे खड़ा था। बुलंदशहर की तरफ से तेज रफ्तार एक ब्रेजा कार पेड़ से टकरा गई। कार की स्पीड इतनी अधिक थी कि वह पेड़ को तोड़ते हुए पेड़ के नीचे



खड़े दर्वेश को टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। जहां हालत गंभीर होने से चिकित्सकों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान दर्वेश की मौत हो गई। इस घटना की दर्दनाक सूचना से गांव में मातम सा छा गया। उधर सलेमपुर पुलिस ने पंचनामा भरते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी नितिन जवाला ने बताया कि सड़क हादसे की घटना के संबंध में समाचार लिखे जाने तक दर्वेश के परिजनों द्वारा कोई पुलिस को प्रार्थना पत्र नहीं मिला है।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लिया जनसेवा का संकल्प

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा पार्टी कार्यालय में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन सादगी और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने एकत्र होकर उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।
कार्यक्रम में वक्ताओं ने राहुल गांधी को लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और आमजन के मुद्दों की आवाज बताते हुए उनके विचारों पर चलने का आह्वान किया। कार्यकताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों को जनता के बीच ले जाने का संकल्प लिया। इस दौरान केक काटकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई गई और




शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन की मजबूती और जनसेवा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया।
कार्यक्रम में सुधीर शर्मा, मदन सिंह चौहान, विनोद शर्मा, चौधरी मुरसलीन, मास्टर दाऊद, एडवोकेट फुरकान, मुंशी हबीब, एडवोकेट गुलफाम सैफी, मोहम्मद परवेज, मुकेश शर्मा, सोनू अब्बासी, दिलशाद अब्बासी, विनोद कुमार जाटव, मोहम्मद अकरम, देवकीनंदन, सलीम, आमिर मलिक, आदेश शर्मा, शाहिद, विवेक शर्मा, अनुज शर्मा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# योग दिवस पर सरस्वती कॉलेज में स्वास्थ्य और अनुशासन का संदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शनिवार को योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान क्रियाओं का अभ्यास कराया। प्रतिभागियों को बताया गया कि नियमित योगाभ्यास शारीरिक फिटनेस के साथ मानसिक संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।





वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक जीवन की व्यस्तता और तनाव से मुक्ति पाने के लिए योग एक प्रभावी माध्यम है। संस्थान के पदाधिकारियों ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने निरोग और संतुलित जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया।

# मुख्य मार्ग पर जलभराव से राहगीर परेशान जिम्मेदार मौन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (राबिया बसरी)।** विकास खंड क्षेत्र स्थित खग्गूपुरा ग्राम पंचायत का मुख्य मार्ग इन दिनों गंभीर



जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। सड़क पर भरे पानी के कारण ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। स्थिति यह है कि पैदल चलना तो दूर,दोपहिया और चारपहिया वाहनों का निकलना भी जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है,बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर पानी भर जाता है, जो कई दिनों तक जस का तस बना रहता है।बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं।स्कूल जाने वाले बच्चों,बुजुर्गों और मरीजों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार शिकायतें की गईं,लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।ग्राम प्रधान सोनाथ सिंह ने बताया कि जिस मार्ग पर जलभराव हो रहा है, वह ग्राम पंचायत के अंतर्गत नहीं आता,बल्कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीन है।

## संक्षिप्त समाचार

### राम मंदिर चंदा विवाद पर आप ने उठाए सवाल, प्रदेशव्यापी प्रदर्शन का ऐलान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** आम आदमी पार्टी ने राम मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित चंदे के उपयोग को लेकर सवाल उठाते हुए प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। शनिवार को प्रतापपुर रोड स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी नेताओं ने कहा कि मामले में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निष्पक्ष जांच आवश्यक है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पश्चिमी प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीएम चौहान ने बताया कि



रविवार को सभी जिलों में कार्यकर्ता जिला इकाइयों के नेतृत्व में प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि जनजागरण के माध्यम से लोगों को पार्टी की मांगों से अवगत कराया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य चंदे से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित कराना है। बैठक में आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर अरुण शर्मा, राजीव शर्मा, शकील अहमद, इमरान खान, चतर सिंह, सुरेंद्र चौधरी, विनोद सैनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### औरंगाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 167 किलो गांजा बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने रविवार को स्वाट टीम के सहयोग से नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 166 किलो 750 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 25 लाख रुपये आंकी गई है। इसके अलावा एक लग्जरी कार और चार स्मार्टफोन भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। थाना पुलिस को एक मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांजा तस्कर कार में बड़ी खेप लेकर क्षेत्र से गुजरने वाले हैं। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी मोहम्मद असलम खान ने स्वाट टीम प्रभारी संदीप कुमार, पिपाला चौकी प्रभारी शशिकांत गौतम तथा पुलिस बल के साथ लखावटी नहर पुल पर घेराबंदी की। जांच के दौरान पुलिस ने अर्टिगा कार (UP-14 ST-0502) को रोककर तलाशी ली, जिसमें से 166 किलो 750 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने कार सवार चारों



तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।
पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अंकित पुत्र उदल निवासी अछेजा, जनपद गौतमबुद्ध नगर, मोहनीश पुत्र महेश बाबू निवासी अछेजा, गौतमबुद्ध नगर, सुनील नौनिया पुत्र अरविंद निवासी बहराइच, प्रयागराज तथा राहुल कुमार पुत्र शेषमणि निवासी राजापुर, प्रयागराज बताए।
पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहम्मद असलम खान, चौकी प्रभारी शशिकांत गौतम, कस्बा चौकी प्रभारी सौबरन सिंह, उपनिरीक्षक जीत सिंह, उपनिरीक्षक रामेश्वर दयाल, स्वाट टीम प्रभारी संदीप कुमार, हेड कांस्टेबल कपिल नैन तथा पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने इस सराहनीय सफलता पर औरंगाबाद पुलिस एवं स्वाट टीम को बधाई देते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की।

# गौ सेवा सम्मान समिति ने घायल नंदी की संभाली उपचार जिम्मेदारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** ग्राम गालंद में घायल नंदी की सूचना मिलने पर गौ सेवा सम्मान समिति के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंचे और उसका उपचार शुरू कराया। बताया गया कि नंदी के पैर में गंभीर चोट होने के कारण वह कई दिनों से चलने-फिरने में असमर्थ था और काफी पीड़ा में था। समिति के कार्यकताओं ने पशु की स्थिति का निरीक्षण कर प्राथमिक उपचार कराया तथा उसके स्वस्थ होने तक नियमित देखभाल और इलाज जारी रखने का निर्णय लिया। इस दौरान समिति के सदस्य परमजीत जांगिड़ ने कहा कि बेजुबान पशुओं की सेवा मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने लोगों से घायल और बेसहारा पशुओं की मदद के



लिए आगे आने का आह्वान किया।
उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही पशुओं के संरक्षण और उनकी बेहतर देखभाल को सुनिश्चित किया जा सकता है। मौके पर भव्य तोमर, राहुल, शुभ, अंकुश, अर्थांसुल सहित अन्य गौसेवक मौजूद रहे।

# विश्व योग दिवस से पूर्व छात्राओं ने दिखाई योग प्रतिभा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में केशव मारवाड़ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में छात्राओं के लिए योग प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना रहा। प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न योगासन प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बीए की छात्रा हिमांशी को प्रथम, बीकॉम की गुनगुन को द्वितीय तथा बीए की डिंपल को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. निशा गर्ग ने कहा कि योग शारीरिक सुदृढ़ता के साथ मानसिक एकाग्रता और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। उन्होंने सभी छात्राओं को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया और विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।
इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।





**योगाभ्यास** कार्यक्रम में नगर के सैकड़ों नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के महत्व को आत्मसात किया

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर डिबाई में सामूहिक योगाभ्यास,सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद डिबाई द्वारा गांधी तालाब, कुबेर इंटर कॉलेज एवं सरस्वती विद्या मंदिर में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के सैकड़ों नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के महत्व को आत्मसात किया।
कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक योगाभ्यास से हुआ, जिसमें प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग सत्र के दौरान लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित योग के लाभों की जानकारी भी दी गई।
इस अवसर पर नगर पालिका परिषद डिबाई के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंघल ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली परंपरा है, जो शरीर और मन के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर में लचीलापन बढ़ता है, तनाव और चिंता कम होती है, हृदय स्वस्थ रहता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) मजबूत होती है। योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र ने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए नियमित रूप से योगाभ्यास करें।





कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वस्थ जीवन, नशामुक्त समाज एवं योग के व्यापक प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। साथ ही लोगों से योग के प्रति जागरूकता फैलाने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का आग्रह किया गया।
इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कुमार सिंघल, अधिशासी अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र, प्रमोद कुमार, मोहम्मद अनीस, मनोज कुमार, हिमांशु मित्तल, चिराग कोहली सहित सभासदगण, नगर पालिका कर्मचारी एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन उत्साह, अनुशासन और जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ।

## प्रशासन ने की अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध की कार्यवाही तीन डम्पर सीज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (लायबा नूर)।** जिलाधिकारी के दिशा निर्देशन एवं शासन की मंशा के अनुरूप जिलेभर में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध लगातार प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। जसके चलते शनिवार को खनन



विभाग एवं परिवहन विभाग (आरटीओ) की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम अलीपुर बुजुर्ग, पुलिस चौकी अटा, थाना बनियाठेर क्षेत्र में सघन जांच एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान जांच में अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन कर रहे 03 डम्परों को पकड़ा गया। संबंधित वाहनों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज कर दिया गया है। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## सम्भल में बाल श्रम के खिलाफ चला अभियान कई स्थानों पर की गई कार्रवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** जनपद में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया। सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय के निर्देशन में नगर के प्रमुख चौराहों और बाजारों में टीमों ने निरीक्षण कर बाल श्रम के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस दौरान आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया।

अभियान के तहत शंकर कॉलेज चौराहा,चंदौसी चौराहा,चौधरी सराय और मोहल्ला खेड़ा सहित कई स्थानों पर श्रम विभाग की टीम ने पहुंचकर दुकानों और प्रतिष्ठानों की जांच की। श्रम प्रवर्तन अधिकारी मौ.आजम ने बाल श्रम करते पाए गए सेवायोजकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें




भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी। साथ ही उन्होंने दुकानदारों को कानून की जानकारी देकर बाल श्रम से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।अभियान में पुलिस विभाग का भी सहयोग रहा।एएचटीयू थाना प्रभारी पवनवीर सिंह राणा ने पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहकर टीम को सुरक्षा प्रदान की और कार्रवाई को प्रभावी बनाया।श्रम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बाल श्रम समाज के लिए अभिशाप है और इसके उन्मूलन के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना होगा। यदि लोग स्वयं जागरूक होकर संकल्प लें,तो वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त समाज का लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है।लिपिक ललित कुमार ने बताया कि यदि कहीं भी बाल श्रम होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल श्रम विभाग को दें,ताकि संबंधित नियोक्ताओं के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है।इस दौरान एसआई राजकिशोर,विकास कुमार,गौरीशंकर चौधरी सहित प्रयत्न संस्था के सदस्य और अन्य लोग भी उपस्थित रहे।


## महत्वपूर्ण यह नही की हम धर्म काज में लगे है,महत्वपूर्ण यह हैं कि हमे प्रभु धर्म काज में लगाये रखे : श्रीमाली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली)।** कैम्प कार्यालय पंजू सराय स्थित योगेश्वर गोरक्षनाथ महातपा और योग शिविर के 46 बें दस दिवसीय द्वितीय महोत्सव के पांचवे दिन की सौर मंडल के सातवें आठवें और नौवें ग्रह शनिदेव राहु देव और केतू देव की पूजा अर्चना कर यथायोग्य दान सामग्री समर्पित करके यज्ञ.योगाभ्यास अठरादेव

### श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली के निर्देशन में शिव गोरख मंदिर समिति द्वारा हुआ आयोजित

अठराक्षरी जाप वृह्ममांड वंदना कर भारत राष्ट्र की समृद्धि श्रीकल्कि जी के शीघ्र प्राकट्य को प्रार्थना की गयी इस अवसर पर योगी डॉ॰ नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की मानव जीवन कयी प्रकार ऋणो से युक्त है। और इन्हीं ऋणो से मुक्त होने के लिए मानव को प्रभु के बताये मोक्ष मार्ग का अनुसरण करना अनिवार्य है। तभी मानव जीवन पाने का मूल उद्देश्य सफल और सार्थक हो सकता हैं, इस मायामय जगत में जहां में कर्म की प्रधानता है। तो कमार्नुसार फल का प्रावधान भी है। जीवात्मा का रथ, हमारा यह दिव्य शरीर, दो मार्गो का वाहक हैं। पहला अंतर्मुखी दुसरा बाह्यमुखी,वाह्य चलने पर मानव भौतिक जगत से और अंतर्मुख चलने पर आध्यात्मिक जगत से जुड़ जाता है। तो महत्वपूर्ण यह नहीं होता की हम धर्म काज में लगे है। और धर्म काज करने का अंहकार भी पाले हुए हैं। जो हमारे लिए हर स्थिति में घातक सिद्ध होता है। इसीलिए यह अधिक महत्वपूर्ण हो जाता हैं कि हम



सब प्रकार यथा शक्ति धर्म काज करते हुए निष्काम भाव से प्रभु को समर्पित रहे और प्रभु से ही प्रार्थना करे की,प्रभु हमे सदैव धर्म काज में लगाये रख्खे इसी में मानव जीवन पाने की सार्थकता है।

और यही भगवान श्रीगोरखनाथ जी का हितोपदेश भी है। इस मौके पर अन्ना सैनी सूरज पाल यादव भीकम सरन राघव सैनी नितिन सैनी लक्षमन सिह साधना जिला प्रमुख आनंद सैनी हर्षवर्धन ध्रुव कुमार रिशिका मोहन श्रीमाली अमरोहा इकाई अध्यक्ष आनंद कुमार लाला भूकन सरन यशवर्धन मनोज श्रीमाली रुद्रांश श्रीमाली सूर्यांश श्रीमाली अश्विनी श्रीमाली कैलाश चन्द्र शर्मा कृष्णा मोहन जितेन्द्र गुप्ता लोकेश श्रीमाली हर्ष वर्धन तनिष्क श्रीमाली सहित समिति सभी पदाधिकारी व बुद्धि के मंडल रुकमनी देवी सुनिता देवी नीरज श्रीमाली लक्ष्मी श्रीमाली आरती श्रीमाली रिया श्रीमाली आंचल श्रीमाली शिवम श्रीमाली सलोनी देवी राखी देवी पूजा श्रीमाली सहित सदस्य व साधक साधिकाए उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान से महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (लायबा नूर)।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति



5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत जनपद सम्भल पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में एंटी रोमियो टीमों और महिला पुलिसकर्मियों ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने बाजारों, स्कूल-कॉलेजों,चौराहों और धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर लोगों से संवाद किया। इस दौरान महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें वीमेन पावर लाइन 1090,पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181,एम्बुलेंस सेवा 108, स्वास्थ्य सेवा 102 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 प्रमुख रूप से शामिल हैं। साथ ही मोबाइल के पैनिक बटन और इमरजेंसी कॉल की भी जानकारी दी गई।

पुलिस टीमों ने पंपलेट वितरित कर महिलाओं को जागरूक किया और उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।इस अभियान से महिलाओं में सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ी है और वे अपने अधिकारों के प्रति सजग हो रही हैं। पुलिस द्वारा आगे भी ऐसे कार्यक्रम लगातार चलाए जाएंगे।

## मोहर्रम से पहले सड़क निर्माण की मांग, उलेमा बोर्ड ने पालिका प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** ऑल इंडिया उलेमा व मशाएख बोर्ड के पदाधिकारियों ने आगामी मोहर्रम और 12 रबीउल अव्वल को देखते हुए पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश खिलाड़ी को ज्ञापन सौंपकर जरई गेट चौराहे से नखासा तिराहे तक जर्जर सड़क के निर्माण की मांग की। पदाधिकारियों ने बताया कि सड़क की हालत बद से बदतर होने के कारण आए दिन रिक्शे पलटने से लोग चोटिल हो रहे हैं और लंबा जाम लग जाता है। ज्ञापन में एफआर रोड से नखासा तिराहे तक सड़क निर्माण कराने तथा सीकरी गेट पुलिस चौकी के आगे पानी के रिसाव से बने गड्ढों को दुरुस्त कराने की भी मांग की गई। पालिका प्रतिनिधि अखिलेश खिलाड़ी ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान शाह आलम मंसूरी, हाफिज मतीन अशरफी, अशरफ रियाज अहमद, सभासद बदरे आलम,



मोहम्मद नईम, शहर काजी मरगूब अहमद, निसार अहमद, शाहनवाज हुसैन अन्ना, सभासद नजर मोहम्मद, पूर्व सभासद हाजी कलीम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## योग भारतीय संस्कृति की धरोहर, शशि मदन कॉलेज में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम





बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बहजोई रोड स्थित शशि मदन कॉलेज में रविवार को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडलायुक्त, पुलिस अधीक्षक के.के. विश्नोई, जिलाधिकारी संभल तथा प्रदेश सरकार की मंत्री गुलाब देवी ने सहभागिता कर योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

अतिथियों ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और नियमित योगाभ्यास से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। उन्होंने लोगों से दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। योग दिवस के अवसर पर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और योग को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

## योग शिविर में छात्राओं ने सीखे स्वास्थ्यवर्धक योगासन, उत्साहपूर्वक किया प्रतिभाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय, बरेली के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित योग शिविर के अंतर्गत शनिवार, 21 जून 2026 को विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन छात्रा सोनम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना के साथ हुआ, जिसके उपरांत छात्राओं को सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया गया। योग सत्र में सूर्य नमस्कार के साथ-साथ विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। शारीरिक संतुलन एवं एकाग्रता बढ़ाने के लिए ताड़ासन और वृक्षासन, जबकि बैठकर किए जाने वाले आसनों में मंडूकासन और गोमुखासन का अभ्यास कराया गया।






महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मासिक धर्म के दौरान होने वाले दर्द, ऐंठन एवं अन्य समस्याओं में लाभकारी पश्चिमोत्तानासन और अर्धमत्स्येन्द्रासन का अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि ये आसन पाचन क्रिया को सक्रिय कर पाचन संबंधी समस्याओं को कम करने में सहायक होते हैं। इसके अतिरिक्त धनुरासन और वज्रासन का भी अभ्यास कराया गया। योग सत्र के अंत में अनुलोम-विलोम एवं कपालभाति प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर डॉ. अनुभूति ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से महिलाओं की मांसपेशियां मजबूत होती हैं, मोटापे की संभावना कम होती है तथा शरीर में हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलती है, जिससे समग्र स्वास्थ्य बेहतर होता है। महाविद्यालय की छात्राओं ने पूरे उत्साह और सक्रियता के साथ योग शिविर में भाग लिया। इससे पूर्व आयोजित सत्रों का संचालन महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की छात्राएं प्रत्यूष एवं नीरज द्वारा किया गया, जो विश्वविद्यालय से पी.जी. डिप्लोमा इन योग का अध्ययन कर रही हैं। संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुशील सोनी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## दो दशक का कूड़ा हुआ साफ : बबराला रेलवे फाटक के पास शुरू हुआ सफाई अभियान बनेगा सुंदर स्थल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (लल्ला सलमानी)।** बबराला रेलवे फाटक के निकट वर्षों से जमा कूड़े के ढेर को हटाने की बहुप्रतीक्षित प्रक्रिया आखिरकार शुरू हो गई है। करीब 20 साल से यहां कूड़ा जमा होने के कारण स्थानीय लोगों को दुर्गंध,गंदगी और बीमारियों के खतरे जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। अब सफाई अभियान शुरू होने से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार,इस स्थान की स्थिति लंबे समय से बेहद खराब थी और कई बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया था। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन ने इस गंभीर समस्या को लेकर रेलवे विभाग को अवगत कराया था और कूड़ा हटाने के लिए



अनुमति मांगी थी।नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन ने बताया कि लगातार प्रयासों के बाद रेलवे विभाग से आवश्यक अनुमति मिल गई है,जिसके बाद अब कूड़े के ढेर को हटाने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस स्थान को केवल साफ ही नहीं किया जाएगा, बल्कि इसे एक सुंदर और उपयोगी स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।योजना के तहत यहां व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा और विभिन्न प्रकार के फूलों की फुलवारी लगाई जाएगी। इससे न केवल क्षेत्र का वातावरण स्वच्छ और हरित बनेगा, बल्कि लोगों को टहलने और समय बिताने के लिए एक बेहतर स्थान भी उपलब्ध होगा।क्षेत्रवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि जल्द ही यह स्थान गंदगी से मुक्त होकर एक आकर्षक और स्वच्छ स्थल के रूप में नजर आएगा।

## झोलाछाप डाक्टरों ने बिछाया जाल अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (लायबा नूर)।** थाना नखासा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सलारपुर कला में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ खबर प्रकाशित होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अखबार में खबर छपने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं और अवैध क्लीनिक व नर्सिंग होम धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं।

गांव में बिना किसी मान्यता के झोलाछाप डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहे हैं।ये लोग बिना जांच के ही लाल-पीली गोलियां देकर मरीजों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। कई बार मरीजों की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें दूसरे अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता है,जिससे समय पर सही इलाज नहीं मिल पाता।स्थानीय लोगों के अनुसार,क्षेत्र में कई मेडिकल स्टोर और छोटे-छोटे नर्सिंग होम भी बिना लाइसेंस के चल रहे हैं।इन पर न तो कोई निरीक्षण होता है और न ही कोई नियंत्रण दिखाई देता है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।सूत्रों का कहना है कि इस पूरे मामले में मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। यही वजह है कि खुलेआम नियमों की अनदेखी हो रही है और जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

इससे झोलाछाप डॉक्टरों के हौसले और बढ़ते जा रहे हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध क्लीनिकों और झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की जाए,ताकि किसी बड़ी अनहोनी को रोका जा सके।

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने मनाया योग दिवस, सूर्य नमस्कार से शुरू हुआ अभ्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत सूर्य नमस्कार से हुई, जिसके बाद अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, वृक्षासन, ताड़ासन, भुजंगासन, बालासन, मंडूकासन, कागासन, वकासन, सर्वांगासन व शीर्षासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षक सुरेश कुमार एवं रेखा ने कहा कि योग हर आयु वर्ग के लिए लाभदायक है और इसकी शुरूआत कम उम्र से करने पर बेहतर परिणाम मिलते हैं। उन्होंने बताया कि योग बच्चों में डर, गुस्से और तनाव को कम करने के साथ मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति जीवनभर स्वस्थ और प्रसन्न रह सकता है।

**योगाभ्यास** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रिक्रूट सेन्टर ईश्वर दास टैक्निकल इन्स्टीट्यूट में पुलिसकर्मियों के साथ योगाभ्यास कर उन्हें योग के प्रति प्रेरित किया गया

## मंडलायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों के साथ, किया योगाभ्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रिक्रूट सेन्टर ईश्वर दास टैक्निकल इन्स्टीट्यूट बहजोई में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम Yoga for Healthy Ageing"(स्वस्थ आयु के लिए योग) रही, इस थीम का मुख्य संदेश है कि योग सिर्फ फिट रहने के लिए नहीं, बल्कि उम्र बढ़ने के साथ भी शरीर, मन और संतुलन को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारीगणों को योग को जीवनशैली में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया । योगाचार्य द्वारा विभिन्न आसनों, प्राणायाम एवं ध्यान के अभ्यास कराते हुए योग के





शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला गया। योग एक जीवनशैली है, जो न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखती है, बल्कि पर्यावरण व समाज के प्रति हमारे दायित्वों को भी जागृत करती है। यह तनाव प्रबंधन एवं मानसिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है, जो प्रत्येक मनुष्य के जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है।

इस अवसर पर मंडलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी), सम्भल कुलदीप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी), सम्भल मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी विवेक जावला, क्षेत्राधिकारी असमोली अमन सिंह, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर अंकित मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार आदि अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने मनाया योग दिवस,सूर्य नमस्कार से शुरू हुआ अभ्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ वीमेन पावर, वीमेन प्राइड एवं वीमेन एरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 11 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का समापन रविवार को विनायक गार्डन में हुआ। समापन समारोह में प्रशिक्षिका अनुपम गुप्ता को माला, पटका, सुंदरकांड एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।



शिविर के दौरान प्रशिक्षिका अनुपम गुप्ता ने योग एवं प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को ओम् उच्चारण, प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, बालासन, त्राटक, सुखासन, कलाई रोटेशन, मलासन, उत्कटासन एवं शवासन का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योग से तनाव, अनिद्रा, थायराइड, पाचन संबंधी समस्याओं सहित कई बीमारियों में लाभ मिलता है।

समापन अवसर पर उपस्थित महिलाओं को फलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सीसीएमजीडब्ल्यूएफ डॉ. सुधा चौधरी, यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी, पदमा भार्गव, फेडरेशन ऑफिसर शुभा अग्रवाल, आईपीपी अलका मंगलम तथा तीनों ग्रुपों की अध्यक्ष नीतू सोनी, प्रीति अग्रवाल और अंजलि अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहीं।

# कांग्रेस छोड़ राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हुए अकरम सैफी,समर्थकों ने दी बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मेरठ।** हापुड़ रोड तिरंगा व्यापार संघ के अध्यक्ष अकरम सैफी उर्फ ठाकुर ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की सदस्यता ग्रहण कर ली। उनके रालोद में शामिल होने पर समर्थकों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।
अकरम सैफी ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास, व्यापारियों के हितों और जनसमस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रालोद के मंच से वह जनता की आवाज को और मजबूती से उठा सकेंगे। रालोद में शामिल होने के बाद अकरम सैफी को बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हसीन अहमद सैफी, डॉ. नवाब सैफी, अनीश कुरैशी, राजेश मार्टिन, अनवर सैफी, सुहैलीन सैफी, सलीम सैफी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।
कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने अकरम सैफी के इस राजनीतिक निर्णय का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। रालोद कार्यकताओं ने भी उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और संगठन को उनके जुड़ने से मजबूती मिलने की बात कही।

# एसएसपी श्लोक कुमार बोले- योग से मिलेगा स्वस्थ तन, सजग मन और मजबूत पुलिस बल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन मथुरा में पुलिस विभाग की ओर से भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित हुआ योग शिविर, अधिकारियों व जवानों ने किया सामूहिक योगाभ्यास**

कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास किया। योग शिविर का उद्देश्य पुलिसकर्मियों की शारीरिक दक्षता, मानसिक सुदृढ़ता तथा कार्यक्षमता को बढ़ावा देना रहा। प्रशिक्षित योगाचार्यों के निर्देशन में आयोजित सत्र के दौरान उपस्थित पुलिसकर्मियों को नियमित योगाभ्यास के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। योग सत्र में सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, ध्यान और विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास कराया गया, जिससे पुलिसकर्मियों ने स्वयं को ऊजार्वान एवं तनावमुक्त महसूस किया।





इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कहा कि प्रभावी, संवेदनशील और अनुशासित पुलिसिंग के लिए पुलिसकर्मियों का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से योग और प्राणायाम को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त जीवनशैली में योग न केवल बेहतर स्वास्थ्य का आधार है, बल्कि यह व्यक्ति को मानसिक रूप से मजबूत बनाकर चुनौतियों का सामना करने की क्षमता भी प्रदान करता है। योग शिविर के समापन पर सभी पुलिसकर्मियों ने जन-जन तक योग का संदेश पहुंचाने तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली को अपनाने का संकल्प लिया।

**वर्जन**

एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा, स्वस्थ तन, सजग मन और मजबूत पुलिस बल के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। नियमित योगाभ्यास तनाव को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। प्रत्येक पुलिसकर्मी को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए, ताकि वह बेहतर स्वास्थ्य के साथ अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सके।

# महर्षि वशिष्ठ योग संस्थान में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा ( मोइनुद्दीन)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को राधिका विहार स्थित पार्क में महर्षि वशिष्ठ योग संस्थान द्वारा योग

**मीडिया प्रभारी पंकज खंडेलवाल ने बताए निरोग रहने के उपाय, योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान**



शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 6 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों, योग प्रेमियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग और प्राणायाम का अभ्यास किया। संस्थान के योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में साधकों को ताड़ासन, वृक्षासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति तथा भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही योगाचार्यों ने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी।
कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी पंकज खंडेलवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत तथा तनावमुक्त बनाता है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और निरोग जीवन के लिए नियमित अभ्यास करने का आह्वान किया। योग शिविर में संतोष लवानिया, राहुल सिंह राठौड़, यदुवीर सिंह सिसोदिया, कैप्टन वीरेंद्र सिंह, बच्चू सिंह सूबेदार, विजेंद्र सिंह, गोपेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के संकल्प के साथ किया गया।

**वर्जन**

पंकज खंडेलवाल, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी ने कहा, "योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की कला है। नियमित योग और प्राणायाम से शरीर निरोग रहता है तथा मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।"

# होटल के बंद कमरे में युवक की संदिग्ध मौत, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सैना)।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के ग्राम आटा स्थित एक होटल के कमरे में चंदौसी के गोलघर निवासी 41 वर्षीय अनुभव अग्रवाल पुत्र सोमेश अग्रवाल संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।
बताया गया कि अनुभव अग्रवाल बीते शनिवार को होटल में कमरा बुक कर ठहरे थे। रविवार शाम करीब छह बजे काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर होटल प्रबंधन को संदेह हुआ।
कर्मचारियों ने बिना देरी किए पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही बनियाठेर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।






पुलिस की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा खोला गया तो अनुभव अग्रवाल अचेत अवस्था में पड़े मिले। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप कुमार और क्षेत्राधिकारी विवेक जावला ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पारस प्लांट पार्क में योग शिविर आयोजित
# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है: सुरेंद्र सिंह नागर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पारस प्लांट पार्क में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकप्रिय सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र सिंह नागर ने क्षेत्रवासियों के साथ योगाभ्यास किया।
इस अवसर पर सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ एवं संतुलित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से व्यक्ति निरोगी रहता है तथा तनावमुक्त जीवन जी सकता है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए स्वस्थ भारत एवं योगमय जीवन के संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।







# मांट विधायक राजेश चौधरी के काफिले की एस्कॉर्ट गाड़ी हादसे का शिकार, उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह यादव की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा/जेवर ( मोइनुद्दीन)।** मांट विधायक राजेश चौधरी के काफिले के साथ शनिवार को यमुना एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा हो गया। जेवर एयरपोर्ट के निकट विधायक की

**जेवर एयरपोर्ट के पास यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा, विधायक सुरक्षित; पुलिस विभाग में शोक की लहर**

सुरक्षा में चल रही एस्कॉर्ट गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एस्कॉर्ट ड्यूटी पर तैनात उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह यादव की मौत हो गई, जबकि अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। विधायक राजेश चौधरी पूरी तरह सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार विधायक राजेश चौधरी जेवर एयरपोर्ट से लखनऊ जाने के लिए अपने काफिले के साथ यमुना एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे थे। इसी दौरान जेवर क्षेत्र के पास सामने आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन से बचने के प्रयास में एस्कॉर्ट वाहन अनियंत्रित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक डंपर और एस्कॉर्ट वाहन के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिससे एस्कॉर्ट वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया।
दुर्घटना के बाद घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया है कि उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह यादव की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए नोएडा स्थित अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उनकी मृत्यु का कारण हृदयाघात माना जा रहा है।
राजेंद्र सिंह यादव जनपद एटा के निवासी थे और उनकी सेवानिवृत्ति में महज दो माह का समय शेष था। उनके निधन की खबर मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
वहीं, हादसे में घायल अन्य पुलिसकर्मियों का उपचार जारी है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ।





**वर्जन**

मांट विधायक राजेश चौधरी ने कहा, "यह अत्यंत दुखद घटना है। उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह यादव एक कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित अधिकारी थे। उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत रूप से गहरा दुख पहुंचा है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा उनके परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें।"

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कानपुर के ग्रीन पार्क में लोगों ने बड़ी संख्या में किया योगाभ्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** आज यहां रविवार को ग्रीन पार्क स्टेडियम में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।
इस मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने वीरभद्रासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, चक्रासन, दंडासन, पद्मासन, वज्रासन, शलभासन, भुजंगासन, विपरीत शलभासन, नौकासन, पवनमुक्तासन, सेतुबंधासन और शवासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इसके साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम तथा भ्रामरी प्राणायाम भी कराया गया।
स्वस्थ आयु के लिए योग" थीम पर इस कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में सांसद रमेश अवस्थी, विधायक ,सुरेंद्र मैथानी, विधायक श्रीमती सरोज कुरील, एमएलसी अरुण पाठक, जनपद के नोडल अधिकारी एस. सुंदरम एम.के., पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त संकल्प शर्मा, संयुक्त पुलिस आयुक्त विपिन टाडा, नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे. जैन, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. कप्तान सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।
मुख्य अतिथि राकेश सचान ने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के एकीकरण का माध्यम है। और आज दुनिया के अधिकांश देश इसे अपना रहे हैं। सांसद श्री रमेश अवस्थी ने कहा कि योग को भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है और यह पूरे



विश्व को स्वस्थ जीवन का संदेश दे रहा है। जिलाधिकारी श्री जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के बीच योग स्वस्थ जीवन का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान योग सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। योगासन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आयुषी रावत, अंश कुमार सविता, मालती सचान, नविका सिंह चौहान, मिहिका सचान, देवशी द्विवेदी एवं अनन्या राजपूत को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार ने किया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को वन विभाग द्वारा "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों, योग प्रशिक्षकों तथा आम नागरिकों ने सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

# जामुन तोड़ने को लेकर हुए विवाद में दो घायल, पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ दी तहरीर पुलिस ने कराया मैडिकल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सम्भल (दानिश अली)।** सदर कोतवाली क्षेत्र में जामुन तोड़ने को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पत्थर वाले बाग में जामुन लेने गए चाचा-भतीजे के साथ कुछ युवकों ने जमकर मारपीट कर दी।
जिससे दोनों घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला कोट गर्वी निवासी अलीजुहेव (14) पुत्र जुल्फेकार और उसका चाचा मिक्की (24) पुत्र सलीम शनिवार को पास के बाग में जामुन तोड़ने गए थे। आरोप है कि बाग में पहले से मौजूद 8-10 युवकों से उनका किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया।
आरोपियों ने दोनों को घेरकर पीट दिया, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद घायल चाचा-भतीजा किसी तरह सदर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।
पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया।सदर कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर आरोपियों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्टार्टअप की उड़ान को मिला नया आयाम, सुभारती विश्वविद्यालय में उद्यमिता अवसरों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के आचार्य विष्णु गुप्त सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स द्वारा "अर्ली स्टेज एंटरप्रेन्योर्स के लिए एक्सेलेरेटर्स और इनक्यूबेशन अवसर" (Accelerators & Incubation Opportunities for Early Stage Entrepreneurs) विषय पर एक अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित दो सत्रों वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रबंधन एवं वाणिज्य के स्नातक तथा परास्नातक विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को स्टार्टअप सपोर्ट इकोसिस्टम के नवीनतम आयामों और उपलब्ध अवसरों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स की डीन प्रो. (डॉ.) पद्मा मिश्रा के प्रेरणादायी प्रारंभिक संबोधन से हुआ। उन्होंने वर्तमान समय में उद्यमिता और नवाचार के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा के साथ एक साक्षात्कार भी साझा किया, जिसने सत्र को व्यावहारिक एवं प्रेरक दृष्टिकोण प्रदान किया।
कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गौरव कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने स्टार्टअप्स की मूल अवधारणा, उनके विकास में एक्सेलेरेटर्स और इनक्यूबेटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका तथा नवोदित उद्यमियों के लिए उपलब्ध संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि इनक्यूबेशन सेंटर और एक्सेलेरेटर कार्यक्रम न केवल छात्रों बल्कि शिक्षकों और शोधकताओं के लिए भी नवाचार एवं उद्यमिता के नए द्वार खोलते हैं। सत्र का प्रमुख आकर्षण 'सीएम युवा पोर्टल' की विस्तृत जानकारी रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को इस पोर्टल पर पंजीकरण करने और राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न उद्यमिता कार्यक्रमों एवं सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।
दूसरे सत्र के मुख्य वक्ता फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं स्टार्टअप रिसर्च एंड इनोवेशन सेंटर के समन्वयक डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा रहे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में उपलब्ध स्टार्टअप इकोसिस्टम, उद्यमिता विकास की सुविधाओं और संस्थागत सहयोग पर विस्तार से जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों को स्टार्टअप स्थापित करने के लिए को-वर्किंग स्पेस, समर्पित केबिन, मीटिंग रूम, प्रोटोटाइपिंग लैब, तकनीकी सहायता एवं शोध सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।
विश्वविद्यालय का उद्देश्य युवाओं में नवाचार और उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देकर उन्हें सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक संसाधन एवं मार्गदर्शन प्रदान करना है।
दोनों सत्रों में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अत्यधिक उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया। प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने उद्यमिता, स्टार्टअप पंजीकरण, वित्तीय सहायता और इनक्यूबेशन अवसरों से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के बीच सीएम युवा पहल, स्टार्टअप संस्कृति और शुरूआती दौर के उद्यमियों के लिए उपलब्ध इनक्यूबेशन एवं एक्सेलेरेशन अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**चर्चा** | **34वें पत्रकारिता दिवस समारोह में पत्रकार सुरक्षा कानून, प्रेस क्लब भवन और मीडिया की चुनौतियों पर हुई चर्चा**

# पत्रकारिता की साख बचाने के लिए निष्पक्षता और विश्वसनीयता जरूरी: मनोज कुमार पांडेय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** तकनीकी बदलावों और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के दौर में पत्रकारिता के सामने विश्वसनीयता बनाए रखने की बड़ी चुनौती खड़ी है। ऐसे समय में पत्रकारों को अपनी निष्पक्षता, सामाजिक सरोकारों और पेशेवर मूल्यों को मजबूत करना होगा। यह विचार शुक्रवार को 34वें पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किए।
नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया (एनयूजेआई) और ब्रज प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार तथा नगर आयुक्त जगप्रवेश ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।
मुख्य अतिथि मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में पत्रकारिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज भी पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के समक्ष मौजूद समस्याओं और मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। साथ ही प्रेस क्लब भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराने के प्रयास का भी आश्वासन दिया।
महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कहा कि ब्रज क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने में मीडिया की अहम भूमिका है। उन्होंने समाचारों में ब्रजभाषा के अधिक समावेश का सुझाव देते हुए महिला पत्रकारों के हितों और सुरक्षा के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।
उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मीडिया जगत में तेजी से बदलाव ला रही है। ऐसे समय में पत्रकारों को अपनी विश्वसनीयता और तथ्यपरकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग दोहराते हुए कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कानूनी व्यवस्था आवश्यक है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने पत्रकारों को प्रशासन और जनता के बीच मजबूत कड़ी बताते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की आवश्यकता बताई। वहीं एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण हैं और उनकी भूमिका लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण है।





कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं एनयूजे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु ने की। उन्होंने वर्षों से लंबित प्रेस क्लब भवन की मांग को दोहराते हुए पत्रकारों के लिए स्थायी सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**वर्जन**

खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने कहा, "पत्रकारिता लोकतंत्र की आधारशिला है। बदलते समय में इसकी विश्वसनीयता को बनाए रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। पत्रकारों की समस्याओं और मांगों के समाधान के लिए सरकार गंभीरता से विचार करेगी

# जिले के चार केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई नीट परीक्षा, 93.73 प्रतिशत रही उपस्थिति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) रविवार को संभल जिले के चार परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से

**डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, 116 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित**

कराने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे। अभ्यर्थियों को प्रवेश से पहले सघन जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र के सत्यापन के साथ निर्धारित दिशा-निर्देशो के अनुरूप तलाशी लेने के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। जिले में एसएम इंटर कॉलेज, चंदौसी में 480, सीआईसी इंटर कॉलेज में 411, नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज में 480 तथा बहजोई स्थित हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज में 480 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। कुल 1851 पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 1735 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 116 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कुल उपस्थिति 93.73 प्रतिशत दर्ज की गई।

केंद्रवार उपस्थिति की बात करें तो एसएम इंटर कॉलेज में 480 में से 451 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 29 अनुपस्थित रहे। नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज में 480 में से 444 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 36 अनुपस्थित रहे। सीआईसी इंटर कॉलेज में 411 में से 386 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 25 अनुपस्थित रहे। वहीं बहजोई स्थित हीरा देवी तोताराम कन्या





इंटर कॉलेज में 480 में से 454 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 26 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा शुरू होने से काफी पहले ही अभ्यर्थी केंद्रों पर पहुंच गए थे। केंद्रों के बाहर अभिभावकों की भीड़ लगी रही, जबकि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई गई तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती गई। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा केंद्र व्यवस्थापकों और संबंधित अधिकारियों को परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही शासन एवं परीक्षा आयोजन संस्था की ओर से जारी दिशा-निर्देशो का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने को कहा।

इस दौरान नोडल अधिकारी अवदेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार तथा सिटी कोऑर्डिनेटर राकेश कुमार भी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों ने राहत की सांस ली। अधिकारियों के अनुसार जिले के सभी चारों केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई तथा कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या शिकायत की सूचना नहीं मिली।

## थाना परिसरों में मना योग दिवस, पुलिसकर्मियों ने किया योगाभ्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी/मैनाठेर (एम.के.भारती सैफी )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कुंदरकी थाना और कोतवाली मैनाठेर परिसरों में विशेष योग शिविर लगाया गया। इसमें दोनों थानों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगासन व प्राणायाम किया।




शिविर में बताया गया कि नियमित योग से तनाव से मुक्ति मिलती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और ऊर्जा का स्तर ऊंचा रहता है। तनाव कम होने से पुलिसकर्मी ड्यूटी अधिक एकाग्रता से निभा सकते हैं। योग अभ्यास का उद्देश्य पुलिस बल को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखना है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तहसील व नगर पालिका में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को तहसील प्रांगण और नगर पालिका परिषद में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किए गए। तहसील प्रांगण में एसडीएम प्रिंस वर्मा एवं तहसीलदार आदित्य कुमार सिंह ने राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, लेखपालों व आमजन के साथ योग किया। वहीं नगर पालिका परिषद प्रांगण में भी योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में कर्मचारियों व नागरिकों ने योगासन व प्राणायाम का अभ्यास किया। एसडीएम प्रिंस वर्मा ने कहा, योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन की कुंजी है। नियमित योग से तनाव दूर होता है और कार्यक्षमता बढ़ती है। इसे केवल एक दिन तक सीमित न रखें।

योग प्रशिक्षकों ने बताया कि योग से तन-मन स्वस्थ रहता है, इसलिए नियमित अभ्यास अपनाएं। दोनों स्थानों पर मौजूद लोगों ने प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में तहसील व नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।




## दिल्ली पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस "उत्सव पूर्वक मनाया" गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदर्शन सोनार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।




कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की योग शिक्षिका मणि शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सामूहिक योगाभ्यास के दौरान सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ योग किया। कार्यक्रम में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ एवं निरोग रखता है, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता तथा आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## घर में घुसकर छेड़छाड़ के मामले में अभियोग पंजीकृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली में आरोपी अकील के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## घर में घुसकर किशोरी से मारपीट के मामले में अभियोग पंजीकृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** ग्राम मौ0 इब्राहिमपुर में शनिवार की दोपहर घर में अकेली किशोरी के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर कोतवाली बिलारी में आरोपी आसिफ पुत्र कल्लू व फरमान पुत्र कल्लू निवासी ग्राम इब्राहिमपुर के खिलाफ घर में जबरन घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मेडिकल परीक्षण के बाद विवेचना शुरू कर दी गई है। साक्ष्यों और बयान के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कांठ में वकीलों ने "डिजिटल रजिस्ट्री के विरोध" में सब रजिस्ट्रार कार्यालय में लगाया ताला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** डिजिटल रजिस्ट्री के विरोध में चल रहा अधिवक्ताओं का आंदोलन छठे दिन भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने कांठ सब रजिस्ट्रार कार्यालय में ताला बंदी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। साथ ही जमकर नारेबाजी भी की। तहसील बार एसोसिएशन कांठ के बैनर तले सभी अधिवक्ता एकत्र होकर अधिवक्ता परिसर से नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में तहसील पहुंचे। उन्होंने डिजिटल रजिस्ट्री का विरोध करते हुए सब रजिस्ट्रार कार्यालय के बाहर धरना और प्रदर्शन किया।साथ ही इस नियम को पूर्ण रूप से रद्द किए जाने की मांग की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि डिजिटल रजिस्ट्री अधिवक्ताओं ने सभी के हितों को ध्यान में रखकर डिजिटल रजिस्ट्री को रद्द करने की मांग की। साथ ही चेतावनी भी दी है कि जब तक मांग को पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक सब रजिस्ट्रार कार्यालय से संबंधित सभी कार्यों का पूर्ण बहिष्कार और हड़ताल जारी रहेगी। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, कोमल सिंह, बार महासचिव दीपक बिश्नोई, पूर्व महासचिव चौधरी चरन सिंह ढाका, डॉ. विनीत नैन, विजयवीर सिंह, शीशराम सिंह, नाजिम सैफी, वैभव बिश्नोई, लक्ष्मण सिंह, एनएस मेहरा व सुनील कुमार आदि रहे।



## मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का माध्यम है योगा,भारत की प्राचीन विरासत है योग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर (आनन्द शर्मा)।** 12 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रामपुर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख उपस्थित रहे ! इस

**योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी**

अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन विरासत है जिसे आज पूरी दुनिया स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए अपना रही है ! उन्होंने ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य नहीं है बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक उर्जा का भी माध्यम है ! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग को वास्तविक पहचान मिली है, आज लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं और इसके माध्यम से स्वयं को स्वस्थ और फिट रखने में सफल हो रहे हैं ! उपस्थित सभी के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने योगाभ्यास किया ! इस मौके पर की प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे और सामुहिक योगाभ्यास किया !



## गलत दिशा से आ रहे डंपर ने निजी विवि कर्मी संजय यादव को कुचला: मौत

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** लोदीपुर राजपूत स्थित डिजाइन को फैक्टरी के सामने गलत दिशा से आ रहे एक डंपर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में गजरौला स्थित वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय के नर्सिंग स्टाफ के कर्मी संजय यादव (28) की मौके पर मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब संजय यादव अपनी सही स्कूटी दिशा में से विश्वविद्यालय जा रहे थे। तभी गलत दिशा से आ रहे मिट्टी से भरे डंपर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। वह रामपुर के सैफनी के रहने वाले थे। पुलिस ने संजय के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।संजय के परिवार में माता-पिता और तीन भाई हैं। संजय बड़े से छोटे थे। संजय की मां कुसुमा देवी का रोते-रोते बुरा हाल है। बड़े भाई विग्नेश गांव में ही दूध की डेयरी चलाते हैं। छोटा भाई पंकज यादव घर पर रहकर खेती करता है।संजय यादव के पिता जगदीश सैफनी में खेती का काम करते हैं। संजय की पत्नी बबिता का रो-रो कर बुरा हाल है। संजय के चार साल के बेटे को अभी पता ही नहीं हुआ क्या है।



## फैजान मुस्तफा मस्जिद में मुहब्बते अहले बैत इज्तेमा


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी) ।** नगर मौहल्ला सादात पूर्वी, तकिया अरब शाह स्थित फैजान मुस्तफा मस्जिद तकिये वाली में दावते इस्लामी इन्डिया के जेरे एहतमाम हफ़्ता वार "मुहब्बते अहले बैत इज्तेमा" का इनएकाद किया गया।

इज्तेमा का आगाज कारी अबू बकर अत्तारी ने कुरआन पाक की तिलावत से किया। इसके बाद अबरार हुसैन अत्तारी ने अहले बैत की शान में पुरसोज कलाम पेश करते हुए कहाः नेजे पे सर चढ़ा तो चढ़ा वाह रे हुसैन, तुमने बुलंद परचमे इस्लाम कर दिया। मुबल्लिगे दावते इस्लामी मुफ्ती मुहम्मद इमरान मंजरी ने अहले बैत के फजाइल बयान करते हुए फरमाया कि नबी करीम इस तरह दुआ फरमाते थेः ऐ अल्लाह! मैं इन दोनों यानी हसन व हुसैन से मुहब्बत करता हूं, और जो इनसे कयामत तक मुहब्बत करे, तू उसे अपना महबूब बना ले।

उन्होंने आगे कहाः कि मुहम्मद की मुहब्बत दीने हक की शर्तें अव्वल है, इसी में है अगर खामी तो सब कुछ न मुकम्मल है।" लिहाजा आले मुहम्मद की मुहब्बत में नमाज की पाबंदी करें, नेक अमल करें और मरने से पहले अपनी मौत और आखरत की तैयारी में लग जाएं।

इज्तेमा के आखिर में सलातो सलाम पेश किया गया और मुल्क व मिल्लत की खुशहाली, अमन-चैन के लिए खुसूसी दुआ कराई गई। इस मौके पर गुलाम नबी अत्तारी, कारी आरिफ अत्तारी, हाजी रियाज उद्दीन अत्तारी, कारी नईम अत्तारी, कारी अब्दुल वकील अत्तारी, काशिफ अत्तारी, डॉ. मोहसिन अत्तारी समेत बड़ी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।



## महिला से छेड़छाड़-मारपीट में 3 पर रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी) ।** घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, मारपीट और कपड़े फाड़ने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता ने थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि सात जून की शाम को शुमायला पत्नी राजा, उसका भाई सुहैल पुत्र आबिद व बहनोई मोनिस पुत्र मुन्ना निवासी चंदौसी एक राय होकर पीड़िता के घर में घुस आए।

आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज,और मारपीट की और मकान खाली करने की धमकी दी। पीड़ित महिला का आरोप है कि सुहैल और मोनिस ने उसके साथ अश्लील हरकतें भी की हैं । शोर पर पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया।

पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## विवाहिता की मौत, पति समेत छह के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** मझोला थाना क्षेत्र के सम्राट अशोक नगर में दहेज उत्पीड़न का एक मामला सामने आया है। यहां एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मायके पक्ष ने मृतका के पति, सास, ससुर सहित छह ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि विवाहिता को पेट दर्द की दवा के बजाय तेजाब पिलाकर उसकी हत्या की गई। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के जसपुर निवासी रोहित ने मझोला थाना पुलिस को तहरीर दी। मझोला थाना प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि तहरीर में कहा गया है कि रोहित की बहन अंजली की शादी करीब चार वर्ष पहले सम्राट अशोक नगर निवासी रोहन के साथ हुई थी। आरोप है कि विवाह के बाद से ही अंजली को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था।

परिजनों के अनुसार कई बार समझौते और समझाने के प्रयास किए गए, लेकिन ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला और वे दहेज में कार की मांग कर रहे थे। बताया गया कि यह शादी रोहन के मामा जसपुर निवासी पंकज ने कराई थी। रोहित के अनुसार 17 जून को अंजली के पेट में दर्द होने पर ससुराल वालों ने उसे ईनो बताकर तेजाब पिला दिया।

आरोप है कि इसके बाद सभी घर छोड़कर चले गए। अंजली ने तबीयत बिगड़ने पर फोन कर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। वहां अंजली बेहोशी की हालत में मिली।गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान 19 जून की रात करीब 9:30 बजे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक (अपराध) सुभाषचंद्र गंगवार ने बताया कि अंजली के भाई की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पूर्व में दर्ज रिपोर्ट में दहेज हत्या की धारा बढ़ाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

**"ग्राम चौपाल"** पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें :धर्मपाल बिश्नोई

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर सिंचाई विभाग द्वारा "ग्राम चौपाल" का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश में समेकित जनकल्याण ,जन जागरूकता अभियान सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा चौपाल लगाकर सदरपुर कोठी में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें किसानों की समस्याएं सुनी गई तथा उनका निवारण किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योग भी किया गया साथ ही पौधारोपण भी किया गया जिसकी शुरूआत मुख्य अतिथि मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई ,(उपाध्यक्ष ,सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग) ,उत्तर प्रदेश शासन ने अपने हाथ से पौधा लगाकर की जिसमें पूर्व प्रधान चौधरी राजवर्धन सिंह ने पूरा सहयोग किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने केंद्र सरकार के साथ-साथ प्रदेश सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई की किस तरह से डबल इंजन की सरकार किसानों के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्य अतिथि ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता कितनी महत्वपूर्ण है इसके लिए उन्होंने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया । ऊर्जा बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वाहनों और सौर ऊर्जा के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान हरीराज सिंह के साथ-साथ अन्य किसान सौरभ चौधरी ,देवराज प्रजापति ,ओमपाल सिंह, मोहम्मद इरफान ,मोहम्मद खुर्शीद आदि किसानों ने अपने विचार रखें कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान चौधरी राजवर्धन सिंह ने की तथा संचालन जूनियर इंजीनियर वीरेंद्र कुमार ने किया इस अवसर पर जिलेदार कांठ देव कुमार शर्मा, जूनियर इंजीनियर गोपाल सिंह ,जूनियर इंजीनियर राजवीर सिंह ,शीशपाल केशव कुमार, विद्युत अधिकारी देशराज सिंह ,बेलदार गोविंद सिंह मेट नरेश कुमार राजपाल सिंह विनीत शर्मा तथा दीपक कुमार आदि विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।




## कांठ में योग दिवस धूमधाम से मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को भारत विकास परिषद शाखा कांठ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भारतीय जनता पार्टी के साथ संयुक्त रूप से रामलीला मंदिर कांठ में योग दिवस मनाया गय' इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा विधायक राजेश कुमार सिंह, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश सिंह गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, गौरव बिश्नोई, कृष्ण गोपाल, आदि मजबूत थे।



# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योग शिक्षा जरूरी : विजय पाल सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। छात्रों ने प्राणायाम के साथ वज्रासन, अर्धचक्रासन, नौकासन आदि योगासनों का अभ्यास किया। योग दिवस को लेकर छात्र काफी उत्साहित नजर आए और बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने बताया कि 21 जून संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त वैश्विक उत्सव है। यह मानसिक और शारीरिक कल्याण के लिए योग के महत्व को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योग शिक्षा जरूरी है। हर व्यक्ति को योग की आदत डालनी चाहिए जिससे वह लंबे समय तक निरोग और स्वस्थ रह सके। योग का उद्देश्य व्यक्ति में जागरूकता, आत्मविश्वास, आत्म-नियमन और उच्च चेतना विकसित करना है। कार्यक्रम में विजयपाल सिंह राघव, आदित्य राघव, सजल राघव, निशा, गुड़िया, चंचल, आरती, मोहिनी, शिवनी, रचना, शीतल, साक्षी, सुमित, मोहित, रोहतास, टिंकू, प्रिंस, प्रतीक, प्रशांत, अंशु, रचित, अमित, विजय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# मौला अली-अली' की सदाओं से गूंजा पैगाम-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस का मंच

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर के मौहल्ला नूरूल्ला स्थित सिद्दीके अकबर मस्जिद में गुलामाने सिद्दीके अकबर कमेटी की ओर से सालाना पैगाम-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। पूरा पंडाल 'या अली, मौला अली' के नारों से गूंज उठा।

कुरआन की तिलावत से हुआ आगाज

कॉन्फ्रेंस का आगाज मौलाना गय्यूर अहमद आफाकी ने कुरआन-ए-पाक की तिलावत से किया। इसके बाद गुलाम नबी अत्तारी ने हम्द पेश की और हजरत अली की शान में मनकबत पढ़ी। उन्होंने कहा-

ह्यखाके कर्बला पर कभी काबा बनाकर देखिए,
मिस्ले फरजंदे अली गर्दन कटा कर देखिए

मनकबत सुनकर महफिल में मौजूद अकीदतमंद झूम उठे।

मुफ्ती बिलाल रजा ने बयान की हजरत अली की फजीलत

मुख्य वक्ता मुफ्ती मुहम्मद बिलाल रजा ने मौला-ए-कायनात हजरत अली की फजीलत बयान की। उन्होंने कहा कि नबी-ए-करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया- "मन कुंतु मौलाहु फहाजा अलीउन मौलाहु" यानी जिसका मैं मौला, उसके अली मौला। आपने आगे कहा- "अना मदीनतुल इल्म व अलीयुन बाबुहा" यानी मैं इल्म का शहर हूं और अली उसका दरवाजा हैं।

मुफ्ती बिलाल रजा ने हदीस-ए-सकलैन का हवाला देते हुए कहा कि नबी-ए-करीम ने फरमाया, "ऐ लोगों! मैं तुम्हारे दरमियान दो भारी चीजें छोड़ कर जा रहा हूं- एक अल्लाह की किताब यानी कुरआन और दूसरे मेरे अहले बैत। जब तक इन दोनों को मजबूती से थामे रहोगे, कभी गुमराह न होगे।"

मुल्क की सलामती के लिए दुआ

कॉन्फ्रेंस के समापन पर सलातो-सलाम पढ़ा गया। इसके बाद मुल्क में अमन-चैन, आपसी भाईचारा और मिल्लत की तरक्की-खुशहाली के लिए विशेष दुआ कराई गई।

इस अवसर पर हाफिज वली मुहम्मद, हाफिज फैजान, हाफिज मुहम्मद तहजीब रजा, मुहम्मद इंतजार रजवी, इरफान खान, अबरार हुसैन अत्तारी, हाजी नसीम, आकिल सैफी के अलावा बड़ी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे। कमेटी ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# एक आबिद से डर गईं फौजें, तू बहत्तर की बात करता है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नगर के मौहल्ला नूरूल्ला में सैफी आवास पर मकबती मुशायरा, शायरों ने कलाम पढ़कर लूटी वाहवाही**

कुन्दरकी। मौहल्ला नूरल्ला स्थित सैफी सोसायटी के अध्यक्ष एम.के. भारती सैफी के आवास पर महफिल-ए-ज़िक्र-ए-हुसैन के मौके पर मकबती मुशायरे का आयोजन किया गया।



महफि ल का आगाज मौलाना अरकान रजा ने कुरआन पाक की तिलावत और नबी-ए-करीम की शान में कलाम से किया। कार्यक्रम में मौलाना गय्यूर आफाकी ने खिताब करते हुए कर्बला के शहीदों की कुबार्नी और इमाम हुसैन के पैगाम पर रोशनी डाली।

मुशायरे में शायरों ने अपने कलाम पेश कर खूब वाहवाही लूटीः

डॉ. नाजिम कुंदरकीवी ने कहा-
राहे हक पर शहादत मिली है जिन्हें,
रब की जानिब से जिंदा बताए गए

इकरार इमरतपुरी ने पढ़ा-
बुझा ही देगी ये सारे यजीदियों के चाराग,
हवा हुसैन के रोजे को छू के आई है

गुलाम नबी अत्तारी ने कहा-
जिस की खातिर यह कायनात बनी,
ऐसा नाना मेरे हुसैन का है

कमर कुंदरकीवी ने कहा-
बातिल के सब चिरागों को जिसने बुझा दिया, ऐसा चिराग इब्ने अली ने जला दिया

# टांडा ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछापों की भरमार , इलाज के नाम पर मरीजों के जीवन से खिलवाड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- जहां मिलें झोलाछाप वहां के प्रधान के खिलाफ हो कार्यवाही तो लगेगा अंकुश
- स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सोए कुम्भकरणी नींद

**टांडा, रामपुर (आनन्द शर्मा)।** जिलेभर में झोलाछाप डाक्टरों के साथ साथ अपंजीकृत अस्पतालों की संख्या में इजाफा हो रहा है,यह सच्चाई किसी से छिपी नहीं है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अफसरों का आलम यह है कि इस ओर से आंखें मूंदे हुए प्रतीत होते हैं, जबकि ऐसा होने से जहां आमजन के अनमोल जीवन से खिलवाड हो रहा है वहीं स्वास्थ्य विभाग का निकम्मापन जगजाहिर हो रहा है ।

सवाल उठता है कि आखिर इस ओर से स्वास्थ्य विभाग अनभिज्ञ बना है क्यों?

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार झोलाछाप डाक्टरों के द्वारा लोगों का इलाज करना व अपंजीकृत अस्पतालों का संचालन होना दोनों ही गेर कानूनी है लेकिन फिर शहर, नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा मोहिया कराने के नाम जहां मरीजों के परिजनों की खून पसीना की कमाई को लूटने में लगे हैं वहीं मरीजों के जीवन से खिलवाड करने पर बेखोफ जुटे हैं,अब यह अलग बात है कि मरीज का जीवन बच गया तो उसका नसीब !

दुख इस बात का है कि जिम्मेदार लोग भी उक्त का विरोध नहीं करते हैं लेकिन हां किसी की इलाज दौरान मोत हो जाने पर हाहुलल्ड जरुर मचाते हैं लेकिन बाद में विरोध लगातार करने के बजाय शांत होकर बैठ जाते हैं इसी से इनके हौसले बुलंद रहते हैं ।

यही स्वास्थ्य विभाग का रवैया है कहीं कोई अप्रिय घटित घटना हुई, तत्काल सक्रियता दिखाते हुए अपंजीकृत अस्पतालों पर कार्यवाही करते हुए बिल्डिंग पर सील लगा दी जाती है लेकिन संचालक के खिलाफ कार्यवाही क्या की गई पता लग पाना मुश्किल है और अगर मालुमात करने का प्रयास भी किया जाए तो स्वास्थ्य के जिम्मेदार अधिकारियों का एक ही जवाब होता है कि जांच चल रही है, जांच के बाद कार्यवाही होगी ।

अब सवाल उठता है कि अस्पताल बिना मानक बना है, अनट्रेंडों की लापरवाही से इलाज दौरान मरीज की मौत होती है, मृतक मरीज के परिजनों द्वारा शौरशराबा किया जाता है, पुलिस की मौजूदगी में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अस्पताल की बिल्डिंग पर सील लगाई जाती है तो समझ से परे है कि जांच होनी काहे की है, सीधा सीधा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करना या कराना तो समझ में आता है, इससे अलग तो लीपापोती ही प्रतीत होती है । पिछले माह टांडा में संचालित एक अस्पताल में एक शिशु की मौत होना सबसे बडा सबुत है।

लोगों का कहना रहा है कि खाएगा तो शर्माएगा नहीं, ऐसा नहीं हो सकता ! शायद यह कहना गलत नहीं होगा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के निकम्मेपन या फिर लापरवाही अथवा सहयोग पर ही अपंजीकृत अस्पतालों की भरमार है और ग्रामीण क्षेत्रों में गांव - गांव झोलाछाप चिकित्सा प्रदान करने के नाम पर मरीजों के जीवन से खिलवाड कर उनके परिजनों की मेहनत की कमाई को लूट दिन -दूने,रात चौगुनी कमाई कर फल-फूल रहे हैं ।

लोगों की बात में दम है कि स्वास्थ्य विभाग अपने दायित्व को ईमानदारी से निभाए तो हो ही नहीं सकता कि कि झोलाछापों पर अंकुश न लगे, कुछ का कहना रहा कि सरकार ऐसा कानून बनाए कि जिस गांव में झोलाछाप डाक्टर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पकडे गए वहां के प्रधान, सैक्रेटरी,व लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही होगी,देखो रातों रात झोलाछाप गायब हो जाएंगे लेकिन सवाल उठता है कि क्या सरकार ऐसा कानून बना पाएगी ?

# मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का माध्यम है योगाः मुख्तार अब्बास नकवी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर (आनन्द शर्मा )।** 12 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रामपुर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख उपस्थित रहे । इस

**भारत की प्राचीन विरासत है योग**

अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन विरासत है जिसे आज पूरी दुनिया स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए अपना रही है ।

उन्होंने ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य नहीं है बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक उर्जा का भी माध्यम है ! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग को वास्तविक पहचान मिली है, आज लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं और इसके माध्यम से स्वयं को स्वस्थ और फिट रखने में सफल हो रहे हैं । उपस्थित सभी के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने योगाभ्यास किया । इस मौके पर की प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे और सामुहिक योगाभ्यास किया।



# चोरों ने जेवर नगदी सहित लाखों का माल किया साफः पुलिस ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** घर में दीवार फादकर घुसे चोरों ने लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया है। गढ़ी गांव में प्रेम सिंह सैनी के घर में डेढ़ माह पहले बेटे की शादी हुई थी शादी का जेवर और नगदी आदि सब घर में मौजूद थे गृह स्वामिनी बसंतिया के मुताबिक वह रात को करीब 1:00 बजे मच्छरदानी लगाकर आंगन में सोई थी लेकिन इसके बाद किसी समय चोर दीवार फांद कर घर में घुस गए और कमरे में रखी चाबियो से अलमारी खोली और उसमें रखे जेवर और नकदी उठाकर खिसक गये।

जाते-जाते चोर मुख्य दरवाजा भी बाहर से बंद कर गए। सुबह 5:30 बजे के करीब गृह स्वामी की आंख खुली तो उन्होंने कमरे खुले देख अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था घटना की जानकारी मिलने पर परिवार के अन्य लोग भी जाग गए बाहर निकलना चाहा तो दरवाजा बंद था।

पड़ोस में आवाज लगाकर बाहर से दरवाजा खुलवाया उसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का मुआयना किया गृह स्वामी ने चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए माल बरामद किए जाने की मांग की है।



# आई.टी.एस. मोहननगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** आई.टी.एस. मोहननगर गाज़ियाबाद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आई.टी.एस. स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. अजय कुमार के स्वागत संबोधन से हुआ। अपने उद्बोधन में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का एक समग्र माध्यम है। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने प्रो. आशुतोष शर्मा के मार्गदर्शन में ताड़ासन, वीरभद्रासन, त्रिकोणासन, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया तथा योग के लाभों को अनुभव किया। आई.टी.एस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर पी चड्ढा जी तथा वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन में संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करना है।







विकास

## सर्वसम्मति से बजट पारित हुआ

# नौगांवा सादात नगर पंचायत में बाईस करोड़ से होंगे विकास कार्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नौगांवा सादात/अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी )।** नगर पंचायत नौगावां सादात में शुक्रवार को बोर्ड की मीटिंग का एजेंडा सभी सभासदों को व्हाट्सएप के जरिए डाल दिया गया था जिसमें शनिवार को दस बजे बोर्ड मीटिंग होना तय हुई थी लेकिन दस बजे से साढ़े तीन बजे तक सभासद बोर्ड की मीटिंग में आने के लिए आना-कानी करते रहे। शनिवार साढ़े तीन बजे सभी सभासद नगर पंचायत मीटिंग हाल में उपस्थित हुए और सभी ने अपने-अपने विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव रखें मौजूदगी में बोर्ड की मीटिंग। अधिशासी अधिकारी सलिल भारद्वाज व अध्यक्षा श्रीमती सुबीना जैदी की मौजूदगी में बोर्ड की बैठक हुई जिसमें सभी सभासदों की सर्वसम्मति से 22 करोड़ 45 लाख रुपए से विकास कार्यों का बजट पारित हुआ। बोर्ड मीटिंग संपन्न होने के बाद अध्यक्षा श्रीमती सुबीना जैदी ने सभी सभासदों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नामित सभासद उषा शर्मा,वीरेंद्र सिंह सैनी, जिया अब्बास, सभासद रिजवान हैदर, मरगूब, हैदर अली, कामिल अब्बास, नजफ अली, शाहिद, नौशाद अंसारी, बबली देवी, निशात फातिमा सहित सभासद मौजूद रहे।



# असमोली के ग्राम डौंडी में किसान के दो बैल चोरी, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली (सम्भल)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण इलाकों में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला ग्राम डौंडी से सामने आया है, जहाँ बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए दो बैल चोरी कर लिए। इस संबंध में पीड़ित पशुपालक ने असमोली थाना पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम डौंडी निवासी सत्तार हुसैन पुत्र गुलाम रसूल के यहाँ शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि को चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने बताया कि रात लगभग 12:30 बजे उनके घर से दो बैल चोरी हो गए, जिनमें से एक बैल काले रंग का है और दूसरा सफेद रंग का है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन ही किसानों की आजीविका और खेती-बाड़ी का मुख्य सहारा होते हैं, ऐसे में दो बैलों के एक साथ चोरी हो जाने से पीड़ित परिवार बेहद परेशान है। पीड़ित सत्तार हुसैन ने रविवार (21 जून 2026) को थाना प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपकर गुहार लगाई है कि पुलिस जल्द से जल्द उनके बैलों को ढूंढने का प्रयास करे। पुलिस ने पीड़ित की ओर से दी गई तहरीर को संज्ञान में लेते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# सुर्खियों में चल रहा पंचायती राज विभाग,के कर्मचारी पर गिरी गाज।

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)** जिला पंचायती राज विभाग के जिला कन्सलटेंट स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सरफराज खान की जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देश पर की गयी सेवा समाप्त। जिला कन्सलटेंट द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत खराब प्रगति, बिना अनुमति के कार्यालय से अनुपस्थित रहना एवं सांयकाल में अधोहस्ताक्षरी की बिना अनुमति के कार्यालय छोड़ कर चले जाना, अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन न करना / बार बार निर्देशों के बाबजूद भी अपनी कार्यशैली में सुधार न करने आदि कारणों को ध्यान में रखते हुए तथा जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा 17 जून को जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें जिला कन्सलटेंट अनुपस्थित पाये गये।

जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला कन्सलटेंट की सेवा समाप्ति को लेकर संबंधित अधिकारी को

- जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान पंचायती राजकार्यालय में अनुपस्थित पाये गये जिला कन्सलटेंट स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सरफराज खान की गयी सेवा समाप्ति
- कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहींः डीएम

निर्देश दिए गए थे। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी कीमत पर कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मचारी एवं अधिकारी समय से कार्यालय में उपस्थित हो तथा समय पर ही कार्यालय छोड़ें।

## लोजपा (रामविलास) की दलित चौपाल, सांसद अरुण भारती ने कार्यकर्ताओं को दिया बूथ मजबूत करने का मंत्र

# लोजपा (रामविलास) का दलित चौपाल-सहभोज सम्मेलन संपन्न, अरुण भारती बोले- अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना लक्ष्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा आज जनपद सीतापुर के मखुवापुर बाजार छावनी में आयोजित दलित चौपाल, सामाजिक सहभोज एवं कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में दलित, शोषित, वंचित, पिछड़े वर्गों के लोगों, सामाजिक कार्यकताओं एवं पार्टी कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन ने सामाजिक समरसता, संगठनात्मक एकता एवं जनसरोकारों के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता का सशक्त संदेश दिया।
यह कार्यक्रम लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री आदरणीय श्री चिराग पासवान जी के निर्देश एवं प्रेरणा से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं जमुई सांसद माननीय श्री अरुण भारती जी रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाना ही पार्टी का मूल उद्देश्य है। उन्होंने दलित, शोषित एवं वंचित समाज की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए पार्टी की दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की।
मुख्य अतिथि ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सदैव गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, दलितों एवं पिछड़े वर्गों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का कार्य करें। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता माननीय श्री धीरेन्द्र कुमार सिन्हा जी, प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री अरविन्द पासवान जी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अश्वनी श्रीवास्तव जी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री पियूष सोमानी जी, प्रदेश महासचिव एवं मीडिया प्रभारी श्री लोकेश श्रीवास्तव जी प्रदेश महासचिव शारदा श्रीवास्तव जी सहित प्रदेश, मंडल एवं जिला स्तर के अनेक पदाधिकारी, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एएमएम पब्लिक स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर (अनवर खान)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एएमएम पब्लिक स्कूल में रविवार को योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। "योग अपनाएँ, निरोग रहें" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन प्रभात मित्तल तथा योगाचार्य करतार सिंह भाटी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।
इसके बाद पतंजलि योग टीम के निर्देशन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। योगाचार्य करतार सिंह भाटी ने नियमित योगाभ्यास के लाभ बताते हुए कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर प्रभात मित्तल ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, अनुशासित और संतुलित जीवन की संपूर्ण जीवनशैली है। उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों को नियमित योगाभ्यास अपनाने तथा भारतीय संस्कृति की इस अमूल्य धरोहर को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। निर्देशिका रेखा मित्तल, निर्देशक शशांक अग्रवाल, अतिथि राकेश शर्मा एवं प्रधानाचार्या रीता रस्तोगी ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ तन, स्वस्थ मन और स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ हुआ।
इस अवसर पर हिमानी तोमर, अनीता, रेनू ठाकुर, रजनी कटारिया, शालिनी ठाकुर आदि शिक्षिकाओं के अलावा भारत स्वाभिमान ट्रस्ट से प्रेमचंद सैनी, प्रवीण त्यागी,डा सन्तोष तिवारी, लव तिवारी, पंकज मित्तल, सतीश, सुनील कुमार, संजीव, पियूष, ब्रजमोहन, ओमपाल, अजय त्यागी, प्रणव, प्रताप भाटी, बब्लू, मनीष कसल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# गाय को भारत रत्न देने की मांग, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया की दिल्ली बैठक में उठा मुद्दा

बुलन्द संदेश ब्यूरो








**नई दिल्ली।** मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया की ओर से नई दिल्ली स्थित प्रेस क्लब में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में देशभर से आए बोर्ड के पदाधिकारियों ने विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।
बैठक में सर्वसम्मति से केंद्र सरकार से मांग की गई कि भारतीय संस्कृति, कृषि परंपरा और करोड़ों लोगों की आस्था को ध्यान में रखते हुए सामाजिक सद्भावना तथा राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की भावना से गाय को भारत रत्न सम्मान प्रदान किया जाए। बोर्ड के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती शमीम अशरफ ने बताया कि संगठन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान "सब से बात, नफरत को मात" के तहत देश में शांति, सद्भाव, भाईचारा और संवाद की संस्कृति को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी विश्वास और प्रेम को मजबूत बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।
बैठक में शिक्षा और रोजगार के मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए आधुनिक शिक्षा, तकनीकी कौशल और रोजगार के अवसरों का विस्तार बेहद जरूरी है। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि देश की प्रगति में मुस्लिम समुदाय की सक्रिय भागीदारी तभी संभव है, जब समाज मुख्यधारा की शिक्षा और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से पूरी तरह जुड़ सके। बोर्ड ने घोषणा की कि आने वाले समय में देश के विभिन्न राज्यों में युवाओं, शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकताओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन बैठकों के माध्यम से सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा दिया जाएगा।
वक्ताओं ने कहा कि आज देश को प्रेम, विश्वास और इंसानियत की सबसे अधिक जरूरत है। नफरत और विभाजन की राजनीति से ऊपर उठकर देश की गंगा-जमुनी तहजीब को नई ऊर्जा देने का समय आ गया है।
बैठक को बोर्ड के संरक्षक मौलाना सैयद गुलाम जिलानी, अध्यक्ष कारी यूसुफ अजीजी, महासचिव डॉ. मोईन अहमद खान, उपाध्यक्ष पीर सूफी माजिद हुसैन अजमेरी, मुफ्ती शमीम अशरफ, हाफिज सरवर सहित अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित किया। बैठक में देशहित, सामाजिक सौहार्द और शिक्षा के प्रसार को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए गए।

# भावी पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देना हमारी मूलभूत जिम्मेदारी : अवनीश शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**धौलाना ।** योग दिवस पर धौलाना थाना परिसर में धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा के नेतृत्व में योग के साथ साथ पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया गया । और पुलिस कर्मियों ने कई स्थानों पर एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण तथा पौधा वितरण किया गया। थाना परिसर में धौलाना थानेदार के नेतृत्व में समस्त पुलिस स्टाफ ने पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। पुलिस स्टाफ ने दर्जनों पौधों को रोपकर उनकी जिम्मेदारी ली। हर एक पौधे की देखभाल की जाएगी। वहीं थानेदार अवनीश शर्मा ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने जीवनकाल में कम से कम दस पौधों को संरक्षित कर उन्हें वृक्ष का आकार देने में सहभागिता दें, जिससे हमारा पर्यावरण दुरुस्त हो सके। एक पौधा मां के नाम से पुलिस कर्मियों ने थाना परिसर सहित आस-पास गुलावटी-मसूरी मार्ग पर पौधारोपण कर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान समस्त थाना स्टाफ का विशेष सहयोग रहा । और पुलिस कर्मियों ने योग कर लोगों को जागरूक किया ।
उधर धौलाना ब्लॉक परिसर में योग दिवस दिवस पर बीडीओ रामकुमार शर्मा, ग्राम सचिव गुरविंदर सिंह और धौलाना ग्राम प्रधान अतीक भाई अहमद के नेतृत्व में सभी को पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ ग्रहण कराई और पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। वहीं धौलाना ग्राम प्रधान अतीक ने कहा कि भावी पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना हमारी सभी की जिम्मेदारी है। वहीं औद्योगिक क्षेत्र में लघु उद्योग भारती कमेटी अध्यक्ष आशु सिंघल के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर आशु सिंघल ने कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधारोपण कर निर्वहन करना होगा। इस मौके पर औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पौधे रोपे गए ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि योगपीठ में किया सामूहिक योग

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर (अनवर खान)।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीकरी कला स्थित पतंजलि योगपीठ में आयोजित भव्य योग कार्यक्रम में हजारों योग साधकों ने सामूहिक रूप से योग, प्राणायाम एवं विभिन्न आसनों का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया।
कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने सभी लोगों से योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की आधारशिला है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों से बचाव के लिए योग एक प्रभावी माध्यम है। योग न केवल शरीर को निरोग रखता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। इस दौरान योगाचार्यों के निर्देशन में योगाभ्यास कराया गया और योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की भी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का संचालन करतार सिंह भाटी ने किया।
इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी रामकिशोर अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, किसान नेता डॉ बबली गुर्जर, डॉ पवन सिंघल, रविंद्र शर्मा, स्वामी आरोग्य देव, डॉ संतोष कुमार तिवारी, लव कुमार तिवारी, पवन कुमार शर्मा, अजय त्यागी, प्रवीण त्यागी, संजीव त्यागी, मनीष कंसल, पंकज मित्तल, प्रेमचंद सैनी, प्रणव, बृजमोहन, सुनील कुमार तोमर, सतीश कुमार, प्रताप सिंह भाटी, बबलू, अमित तायल, ओमपाल, पियूष, चेती दहिया, गुलवीर सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, स्वस्थ जीवन पाएं : अजीत सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डीपीएस मोदीनगर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**



**मोदीनगर (अनवर खान)।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कादराबाद स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में रविवार को भव्य योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग किया और योग अपने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त भारतीय सेना अधिकारी एवं योग प्रशिक्षक अजीत सिंह द्वारा योग प्रार्थना एवं सामूहिक योगाभ्यास के साथ किया गया। मुख्य अतिथि अजीत सिंह ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि संतुलित एवं स्वस्थ जीवन जीने की समग्र पद्धति है। नियमित योगाभ्यास मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ विक्रम गांधी ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।
स्कूल की निर्देशिका अनीशा गांधी ने योग को स्वस्थ जीवन का सरल एवं प्रभावी माध्यम बताया, जबकि प्रधानाचार्या डॉ ज्योति सिरोही ने कहा कि योग शरीर के साथ मन को भी स्वस्थ एवं एकाग्र बनाता है। इस दौरान प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, सूर्य नमस्कार तथा विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास किया।
कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास का संकल्प लिया।
समारोह ने स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया।

# गौ सेवा से बड़ा कोई और पुण्य नहीं: संजय त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर (अनवर खान)।** भीषण गर्मी के बीच गोवंशों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री संजय त्यागी एवं निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी ने अपने समर्थकों के साथ गौशाला पहुंचकर गोसेवा की। इस दौरान गौ माता को स्नान कराया गया, हरा चारा खिलाया गया तथा रूह अफ़ज़ा से तैयार शरबत पिलाकर उनकी सेवा की गई।
गौशाला में आयोजित सेवा कार्यक्रम के दौरान जिला मंत्री संजय त्यागी ने कहा कि सनातन संस्कृति में गौ माता को श्रद्धा, सेवा और करुणा का प्रतीक माना गया है। गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति के संरक्षण का भी माध्यम है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार गोवंश की सेवा करनी चाहिए। चेयरमैन अनिल त्यागी ने कहा कि धर्मग्रंथों में गौ सेवा को महान पुण्य कार्य बताया गया है। गौ माता के संरक्षण और संवर्धन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। हमें आने वाली पीढ़ियों को भी गोसेवा और धर्म के प्रति जागरूक करना चाहिए। संजय त्यागी और अनिल त्यागी ने संयुक्त रूप से कहा कि बुजुर्गों से सुनने को मिलता है कि जिस खेत का चारा गौ माता खा लेती है, उस खेत में फसल की पैदावार बढ़ जाती है। उन्होंने अपील की कि किसानों और ग्रामीणों को गौ माता को समृद्धि और शुभता का प्रतीक मानते हुए उनकी सेवा करनी चाहिए।
इस अवसर पर अनुज त्यागी, राजीव त्यागी, संजीव त्यागी, सचिन त्यागी, अभिषेक त्यागी, शिव कुमार त्यागी सहित अनेक समर्थक एवं सेवादार उपस्थित रहे।

# इमामबाड़ा नाज़िम साहब में गूँजी मातम की सदाएं; जनाबे जैनब के लाडलों की शहादत पर रो पड़े अजादार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ (सज्जाद बाकर)।** इमामबाड़ा नाज़िम साहब, बाजाजा में 'आले मोहम्मद की पसंदीदा जाकिरी' विषय पर चल रहे (अशरे) की पाँचवीं मजलिस का आयोजन किया गया। इस मजलिस में बड़ी संख्या में अजादारों ने शिरकत की और कर्बला के शहीदों को खराजे-अक़ीदत पेश किया।
मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना औन रिजवी ने कर्बला के वाकयात पर रौशनी डाली। उन्होंने हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की बहन जनाबे जैनब (स.अ.) के दोनों नौजवान बेटोंहजरत औन और हजरत मोहम्मद (अ.स.) की बहादुरी और उनकी शहादत का दर्दनाक हाल बयान किया।
मौलाना ने जब इन कमसिन शहीदों का मर्सिया पेश किया, तो पूरा इमामबाड़ा मजलिस में मौजूद अजादारों के गगनभेदी रोने और मातम की आवाजों से गूँज उठा। मर्सिये के कुछ मर्मस्पर्शी बंद इस प्रकार थे:
"खेमे से बरामद हुए जैनब के जो दिलबरदेखा
कि हुसैन इब्ने अली रोते हैं दर परबस झुक गए तस्लीम को हजरत के वो सफदर..."
"मुंह करके सुए चर्ख.पुकारे शहे बे पर
ये वो हैं जो आगोश में जैनब की पले हैं
बच्चे भी तेरी राह में मरने को चले हैं..."
इन बंदों को सुनकर अजादारों की आँखें नम हो गईं। मजलिस के अंत में कर्बला के शहीदों की याद में मातम और नौहाख़्वानी की गई। इमामबाड़ा प्रशासन के अनुसार, इस अशरे की अगली (छठी) मजलिस कल आयोजित की जाएगी, जिसमें जनाब अहसन सईद मर्सिया ख़्वानी करेंगे।

**संकल्प** | विद्यार्थियों ने लिया नियमित योगाभ्यास का संकल्प

# योग स्वस्थ जीवन का आधार: नीरज त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर (अनवर खान)।** शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।
कार्यक्रम में मौजूद विद्यालय के चेयरमैन नीरज त्यागी ने शिक्षार्थियों को योग करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन और गौरवशाली परंपरा है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित योगाभ्यास अपनाने तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम तथा कपालभाति सहित अनेक योग क्रियाओं का प्रदर्शन करते हुए उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और दैनिक जीवन में योग को शामिल करने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने भी योग के माध्यम से स्वस्थ, सकारात्मक एवं संतुलित जीवन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।
कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की प्रधानाचार्या, शिक्षकगण एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नीट परीक्षा: शिक्षा मंत्री प्रधान बोले- बिना किसी डर या चिंता के पेपर दें छात्र



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नीट के दोबारा पेपर से पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए), सभी राज्य सरकारों, जिला प्रशासन, भारतीय शिक्षा क्षेत्र और खासकर भारत के छात्रों पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, बिना किसी डर या चिंता के परीक्षा दें, आप निश्चित रूप से अच्छा करेंगे। छात्रों के लिए मेरी यही शुभकामना है। उन्हें भारत की व्यवस्था पर भरोसा है और आगे भी रहेगा। प्रधान ने आगे कहा, एक अभिभावक और सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर, मैं आपसे गुजारिश करता हूं: कृपया भारत की नई पीढ़ी के भविष्य को खतरे में न डालें। कोई भी इसका मजाक न उड़ाए। हम ऐसा कुछ न करें जिससे बच्चों की मानसिक सेहत पर असर पड़े। अतीत में भारत में कुछ तथाकथित जिम्मेदार लोगों ने ऐसा व्यवहार किया है। उन्होंने गलत इरादों और बुरी नीयत से बच्चों के साथ व्यवहार किया।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी (संपादक) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी (उप सम्पादक), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267